डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
03 नवम्बर 2023
शुक्रवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page- 7






### मप्र विधानसभा चुनाव में अब 2568 उम्मीदवार, कांग्रेस-भाजपा को बागियों की सख्त चुनौती

# अपने-पराए सामने आए, महाअभियान पर निकले सीएम शिवराज और नाथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में अब विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर छाया कुहासा साफ हो गया है। दोनों बड़े दलों के सामने अब तस्वीर साफ है कि कितने अपने और कितने परायों से लड़ना है। आज से भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में तेजी और घोल दी है तथा केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भोपाल में तो ज्योतिरादित्य सिंधिया व जेपी नड्डा की भी सभा आज हो रही हैं। सीएम शिवराज बुंदेलखंड व महाकौशल के दौरे पर हैं। कांग्रेस ने भी महाअभियान शुरू किया है। कमलनाथ आज मंदसौर के दौरे पर निकले हैं। वहीं सभा प्रमुख अखिलेश यादव छतरपुर के चंदला में सभा कर रहे है। पार्टी के बड़े नेताओं के दौरे भी शुरू हो रहे हैं। वहीं कल शाम तक नाम वापसी के बाद 230 विधानसभा सीटों पर 2,568 उम्मीदवार मैदान में हैं। जो पार्टी से बागी हुए हैं, वे खुद ही त्यागपत्र भेजे रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रदेशभर से कुल 4,285 नामांकन फॉर्म भरे गए थे। इनमें से 386 नॉमिनेशन फॉर्म वापस ले लिए गए। 536 नामांकन कैंसिल हुए वहीं सतना ऐसा क्षेत्र बना,जहां सबसे ज्यादा 124 उम्मीदवार मैदान में है। जबकि संभाग के हिसाब से सबसे ज्यादा जबलपुर संभाग में 402 प्रत्याशी हैं। भाजपा को बुरहानपुर, सीधी, जबलपुर, मुरैना,राजगढ समेत दर्जनभर क्षेत्रों में अपनों से लड़ने की चुनौती है तो कांग्रेस को भी आलोट,महू,भोपाल उत्तर, भिंड, नागौद, सिवनीमालवा समेत इतने ही इलाकों में सीधी व कडी चुनौती है।


रविशंकर प्रसाद @भोपाल


कमलनाथ @मंदसौर

**गुड्डू ने दूसरी बार छोड़ी कांग्रेस:** पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू ने टिकट वितरण से नाराज होकर कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से आज इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा। गुड्डू ने आलोट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है। खड़गे को भेजे गए इस्तीफे में उन्होंने पार्टी में पट्ठावाद का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव से पहले सर्वे के आधार पर टिकट देने की बात कही गई थी और कांग्रेस के पक्ष में माहौल था, इस माहौल का लाभ उठाने के लिए कमल नाथ और दिग्विजय सिंह के समर्थकों को ही टिकट दिया तथा जीतने वाले चेहरों को नजरअंदाज कर दिया। गुड्डू रतलाम जिले की आलोट विधानसभा सीट से टिकट मांग रहे थे। वे यहां से विधायक भी रहे हैं। भाजपा के अध्यक्ष रहे स्व नंदकुमार चौहान के बेटे हर्ष ने भी कल रात भाजपा से इस्तीफा दे दिया था वे भी मैदान में डटे हैं।

**भाजपा कार्यालय पर हमला:** दतिया विस क्षेत्र के बडौनी भाजपा कार्यालय पर हथियार बंद लोगों के हमले की खबर है। देर रात कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने हमला किया। इस हमले में एक भाजपा कार्यकर्ता विनोद फौजी यादव गभीर घायल हो गया। कार्यकर्ता के सिर पर कट्टा व बका से वार किया गया। कार्यकर्ता को अस्पताल में भरती कराया गया है। पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता बताए जाते है।

## आजम खान का स्कूल व दफ्तर आज खाली कराएगी सरकार

**लखनऊ।** जेल में बंद सपा नेता आजम खां के रामपुर में जौहर ट्रस्ट के कब्जे से शिक्षा विभाग की 41181 वर्ग फीट



जमीन मुक्त कराने का आदेश शासन ने जारी कर दिया है। इस जमीन पर आजम खां ने रामपुर पब्लिक स्कूल (आरपीएस) गर्ल्स विंग और सपा कार्यालय बना रखा है। जिला प्रशासन को इस संबंध में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार का पत्र मिल गया है। आदेश मिलने के बाद जिलाधिकारी ने सीडीओ की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। संभावना है कि प्रशासन आज नोटिस जारी कर सकता है। सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में जौहर ट्रस्ट को शर्तों के उल्लंघन के चलते 30 साल की लीज पर दी गई माध्यमिक शिक्षा विभाग की जमीन को वापस लेने का फैसला किया गया था।

## 'तत्काल लागू हो महिला आरक्षण', SC में टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका को 22 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता डॉ जया ठाकुर ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को आरक्षण देने का आदेश देने की मांग की थी।

## मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या की नक्सललियों ने

**बालाघाट।** नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में विधानसभा चुनाव निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवंबर को मतदान के पहले नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल, लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम भक्कू टोला में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की मुखबिरी के शक पर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम शंकरलाल पंद्रे है और वह पूर्व में सरपंच रहे हैं। वहीं मौके पर नक्सलियों ने पर्चा भी फेंका है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव और नक्सली पर्चों को बरामद कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### खतरा घर के अंदर भी और बाहर भी

## दिल्ली में प्रदूषण इमर्जेंसी के हालात

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। आज यह आलम है कि सुबह घर से बाहर निकलना मुश्किल था तो घर के अंदर भी खतरा रहा। एयर क्वालिटी इंडेक्स कई जगहों पर 500 को पार कर गया है। प्रदूषण के इस लेवल के बाद दिल्ली-NCR में हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात बन गए हैं। कल ही प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए तीसरा चरण लागू कर दिया गया था लेकिन हालात इस कदर खराब हुए हैं कि एक दिन बाद ही दिल्ली में दिल्ली में GRAP का चौथा स्टेज का भी लागू हो सकता है।



दिल्ली सरकार की ओर से प्रदूषण के इस लेवल को देखते हुए एक मीटिंग भी बुलाई गई है। दिल्ली में पहले से ही कई पाबंदियां लागू हो गई हैं और ग्रेप का चौथा स्टेज लागू हुआ तो कई दूसरी गतिविधियों पर रोक लग सकती है। इसके तहत ईवी सीएनजी,बीएस-VI डीजल के अलावा दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड हल्के कमर्शियल वाहनों को, आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले/आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों को छोड़कर दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। आवश्यक वस्तुओं को ले जाने/आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों को छोड़कर, दिल्ली में रजिस्टर्ड डीजल गाड़ियां मध्यम और भारी माल वाहनों (एमजीवीएस और एचजीवीएस) के चलने पर प्रतिबंध। प्राइमरी स्कूल के अलावा क्लास 6 के ऊपर भी स्कूलों को बंद करने का फैसला संभव।

## मशहूर यू ट्यूबर एल्विश शिकंजे में, पांच कोबरा सांप और जहर मिला

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

बिग बॉस ओटीटी विनर और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव एक बार फिर विवादों से घिर गए हैं। उनके खिलाफ कोतवाली सेक्टर 49 में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि वे सांपों के जहर की सप्लाई करने वाले गिरोह से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में नामजद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एल्विश यादव की संलिप्तता की जांच की जा रही है। सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर के पद पर कार्यरत गौरव गुप्ता ने एफआईआर कराई थी। गुप्ता का कहना है कि यूट्यूबर एल्विश यादव नोएडा-एनसीआर के फार्म हाउस में अन्य यूट्यूबर सदस्यों के साथ मिलकर स्नेक वेनम और जिंदा सापों के साथ वीडियो शूट कराते हैं। वे गैर कानूनी रूप से रेव पार्टियों को आयोजित करते हैं। इसमें विदेशी युवतियों को बुलाकर स्नेक वेनम व नशीले पदार्थों का सेवन कराया जाता है।



एक मुखबिर ने एल्विश यादव से संपर्क किया। एल्विश ने राहुल नाम के एजेंट का नंबर दिया और उनका नाम लेकर बात करने के लिए कहा। मुखबिर ने राहुल से संपर्क करके पार्टी आयोजित करने के लिए बुलाया। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस को शिकायतकर्ता ने दी। गत दिवस सेक्टर 51 स्थित सेवरोन बैंक्वेट हॉल में आरोपित प्रतिबंधित सांप लेकर पहुंच ग। तभी वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से आरोपियों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनके पास 20 मिलीलीटर स्नेक वेनम, पांच कोबरा, एक अजगर, दो दुमही, एक घोड़ा पछाड़ सांप बरामद हुआ। एल्विश फरार है।

## कोहली के 88 रन, बिरयानी पर 88 फीसद डिस्काउंट

**मुजफ्फरनगर एजेंसी।** क्रिकेट के प्रति दीवानगी का नजारा नॉनवेज बिरयानी वाले ने दिखाया। खासतौर पर विराट कोहली को लेकर। कल भारत-श्रीलंका मैच में कोहली के 88 रन के स्कोर से गदगद दुकानदार ने चिकन बिरयानी की 60 रुपए वाली प्लेट महज 7 रुपए में बेच डाली। मतलब बिरयानी की कीमत में 88त्न का डिस्कांउट कर दिया। दरअसल, कोहली ने 2 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ 88 रन की पारी खेली थी। उनके 88 रनों की दीवानगी में मुजफ्फरनगर के मेरठ रोड स्थित मकबूल बिरयानी वाले ने विशेष ऑफर देते हुए चिकन बिरयानी की 60 वाली प्लेट 7 रुपये यानी 88 प्रतिशत के डिस्काउंट पर बेची। उसने बाकायदा अपनी दुकान पर एक बैनर भी लगाया। बैनर पर लिखा, 'मकबूल बिरयानी का' विराट कोहली फेन ऑफर, जितनी होगी कोहली के रनों की गिनती, उतना मिलेगा बिरयानी पर डिस्काउंट।



**मेट्रो एंकर**

### वर्ल्डकप के 33 मैचों में अब तक 9 बार ही टॉस जीतने वाली टीम जीती...

# टॉस की जीत में हार व असफल चेस के गणित

**आलोक गोस्वामी**

श्रीलंका के खिलाफ 302 रनों की बड़ी जीत के साथ अधिकृत रूप से टीम इंडिया 2023 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनायी है। श्रीलंका टीम ने पिछ्ले कुछ महीनों में लगातार दूसरी बार बेहद शर्मनाक प्रदर्शन किया है।एशिया कप फायनल की बेइज्जती श्रीलंकाई खिलाड़ी अभी तक भूले भी नहीं होंग वहीं अब वर्ल्ड कप में उनके नाम सबसे कम स्कोर बनाने का जुड़ गया।एक बार जहां पहले बल्लेबाजी करने पर टीम की दुर्दशा हुई वहीं इस बार चेस करने में लंका टीम के बल्लेबाजों के वही हश्र हुआ।वैसे अगर हम मौजूदा वर्ल्ड कप में टॉस की जीत,मैच की हार या फिर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर असफल चेस के गणित पर नजर डालें,तो बेहद दिलचस्प पहलू निकल कर आते हैं।अगर अब तक हुए 33 मैचों पर गौर




करें तो सबसे बड़ी बात निकल कर यह आती है कि ज्यादातर टीम मैनेजमेंट पिच का बर्ताव व ओस का असर पड़ने में नाकामयाब ही रहे हैं। मतलब साफ है कि टॉस के जीत का किरदार मैच के बॉस से ज्यादा खलनायक ही साबित हुआ है। वर्ल्ड कप में हुए कुल 33 मैचों में से मात्र 9 मैचो में टॉस जीतने वाले कप्तान की टीम मैच जीत सकी है,24 मर्तबा टॉस जीतने वाले कप्तान को हार का स्वाद चखने पड़ा है। इसमें से भी 14 कप्तान वो रहे जिन्होंने टॉस जीतकर चेस करने का फैसला लिया है। जबकि 10 बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने वाले कप्तान को भी पटखनी खानी पड़ी।सही मायने में अभी तक हुए मैचों में सिर्फ 9 बार ही टॉस विजेता कप्तान के हिस्से में जीत दर्ज हुई है।इस मामले में भारत व न्यूजीलैंड ही ऐसी टीम हैं जिनके कप्तानों ने 2-2बार यह कारनामा किया है,वहीं अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश ओर नीदरलैंड 1-1 बार टीमें ऐसा कर सकी हैं। टॉस के यह गणित भले ही क्रिकेट के लिहाज से ज्यादा मायने न रखते हों लेकिन आने वाले मैचों में कप्तानों के जहन में इसका असर निश्चित तौर पर देखने को मिल सकता है। अगर टॉस के गणित में हमारा नजरिया सही है तो फिर करो या मरो वाले मैचों टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी से मिली हार का असर आने वाले मैचों में टॉस के बदले हुए फैसले के तौर पर देखने को मिल सकता है।

## मौसम में गुलाबी ठंड का एहसास...



भोपाल में सुबह शाम गुलाबी ठंड और दोपहर में तपती धूप का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 7 नवंबर से ठिठुराने वाली ठंड जोर पकड़ेगी। तो वहीं अब प्रदेश में अधिकतम पारा भी गिरने लगा है।

### जयप्रकाश अस्पताल में लापरवाही

# व्हीलचेयर के लिए मरीज परेशान, आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी स्थित जयप्रकाश अस्पताल में लापरवाही के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला अस्पताल में व्हीलचेयर के लिए मरीज के परेशान होने और मदद के लिये एक भी वार्ड ब्वाय नहीं पहुंचने का है। मामले में आयोग ने आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.) संचालनालय एवं सीएमएचओ, को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल जिले के जयप्रकाश अस्पताल में बीते बुधवार, घायल मरीज को व्हीलचेयर के लिये घंटो तड़पना पड़ा। जब मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया, तब उसकी मदद करने के लिये एक भी वार्ड ब्वाय मौके पर मौजूद नहीं था। बड़ी मुश्किलों के बाद व्हीलचेयर मरीज को मिली, तब जोक उसे उपचार के लिये डॉक्टर के पास ले जाया गया।





### महीनों से पड़ा कबाड़, मरीजों के लिए मुसीबत

जयप्रकाश अस्पताल में कई महीनों से परिसर में पड़े फर्नीचर और अन्य वस्तुओं का कबाड़ अस्पताल में मरीजों के लिये मुसीबत बनता जा रहा है। प्रांगण के आस-पास अस्पतालों के गर्भवती महिला वार्ड और अन्य आवश्यक वार्ड है। आस-पास के वार्डों में कबाड़ से गंदगी और अन्य खतरनाक जानवर आने की आंशका रहती है। जिससे मरीजों एवं परिजनों की जान को खतरा है। मामले में आयोग ने सीएमएचओ को जांच कराकर जेपी अस्पताल में ईसीजी सुविधा को बन्द करने के संबंध में 15 दिन में जवाब भेजने के निर्देश दिए हैं।

## चुनाव के दौरान भी बढ़ गई हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या

**भोपाल।** चुनाव के कारण हर क्षेत्र में बूम है। हवाई यात्रा पर भी इसके सकारात्मक संकेत मिले हैं। भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बीते माह बढ़ गई है। नवंबर में भी यात्रियों की संख्या बढ़ने के अनुमान है।



असल में चुनाव के दौरान आर्थिक गतिविधियां बढ़ जाती है। माना जाता है कि चुनाव के दौरान हर क्षेत्र को काम मिलता है, जिसका असर हवाई यात्रा पर भी देखा जा रहा है।


### सितंबर माह के मुकाबले अक्टूबर में राजा भोज एयरपोर्ट से आने-जाने वाले यात्री बढ़े

भोपाल से अलग-अलग शहरों में हवाई यात्रा करने वाले यात्री अक्टूबर माह में अधिक रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस माह भोपाल से दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न शहरों तक विमान से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या एक लाख 17 हजार रही है जो कि सितंबर माह में यह संख्या एक लाख आठ हजार थी। अक्टूबर में 1384 विमानों ने फेरे लगाए। सिबंबर में 1221 विमानों ने फेरे लगाए थे।

बीते वर्ष अक्टूबर 2022 के मुकाबले भी अक्टूबर 2023 में यात्री संख्या बढ़ी है। माना जा रहा है कि नवंबर माह में भोपाल क्लब एयरपोर्ट सवा लाख में शामिल हो सकता है। हाल ही में इंडिगो ने दिल्ली तक सप्ताह में दो दिन चलने वाली अतिरिक्त उड़ान शुरू की है। विंटर शेड्यूल में जयपुर एवं प्रयागराज उड़ान के फेरे बढ़ाए गए हैं। यह दोनों उड़ानें पहले सप्ताह में दो दिन थी। अब यह सभी सात दिन मिलने लगी हैं।

## 2.50 लाख विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट नहीं, डीपीआई ने लगाई जिलों को फटकार

### 15 नवंबर तक कार्यवाही पूरी करने का अल्टीमेटम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**छात्रवृत्ति योजना के लिए पोर्टल पर विद्यार्थियों की जानकारी अपडेट करने को लेकर एक बार फिर जिलों में लापरवाही सामने आई है।**

जिसपर लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों को फटकार लगाई है। लोक शिक्षण संचालक केके द्विवेदी ने ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए इसे अत्यंत खेद जनक बताया है और 15 नवंबर तक कार्यवाही पूर्ण करने का अल्टीमेटम भी दिया है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2023-24 में शत प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को नामांकन, प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य 30 सितंबर तक पूरा किया जाना था, लेकिन अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह तक भी यह कार्य पूरा नहीं हुआ।

### 1.40 करोड़ विद्यार्थियों में से 1.35 करोड़ विद्यार्थियों का नामांकन

जारी आदेश के अनुसार, स्थिति यह है कि नामांकित 1.40 करोड़ विद्यार्थियों में से 1.35 करोड़ विद्यार्थियों का नामांकन, 86 लाख का प्रोफाइल अपडेशन और लगभग 5 लाख विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृति की गई है। शिक्षा पोर्टल पर असफल भुगतान वाले विद्यार्थियों के बैंक खातों का परीक्षण एवं बैंक खाते अपडेट भी होने थे, लेकिन 2.50 लाख विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट ही नहीं हुए हैं।

## डागा ने पीछे के गेट से पहुंचकर नाम लिया वापस, आगे इंतजार करते रहे नरेश

### नाम वापसी के बाद ज्ञानचंदानी हुए भावुक, डागा ने पोछे आंसू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बागी जितेन्द्र डागा ने अंतिम समय में नाम वापस ले लिया है। डागा जब नाम वापस लेने कलेक्टारेट पहुंचे तो कांग्रेस उम्मीदवार नरेश ज्ञानंचदानी मेन गेट पर ख? थे, लेकिन डागा ने पीछे के गेट से जाकर नाम वापस लिया।

नाम वापस लेने के बाद बाहर निकले डागा ने मीडिया से बात की। डागा ने कहा कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं के कहने पर नाम वापस ले रहा हूं। कांग्रेस को समर्पित कार्यकर्ता हूं, पार्टी ने जो कहा है, उसका पालन करूंगा। नाम वापस लेने के बाद प्रचार के सवाल पर डागा ने कहा कि जब नाम वापस लिया है, तो प्रचार भी करूंगा।



डागा से मुलाकात होने पर आभार जताते हुए नरेश ज्ञानचंदानी के आंसू निकल आए। उन्होंने साथ देने के लिए आभार जताया। डागा ने कहा, चिंता न कर अब मैं तुम्हारे साथ हूं। ज्ञानचंदानी ने मीडिया से बात करते हुए माना कि डागा के फार्म भरने से कश्मकश की स्थिति थी। डागा बड़े भाई हैं, उनका आशीर्वाद लिया है। मैंने जो कुछ हासिल किया है, वह झुककर हासिल किया है।

## केरल-मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस मना

**हिरदाराम नगर।** अखिल भारतीय मलयाली एसोसिएशन भोपाल की कोलार इकाई ने केरल-मध्य प्रदेश कास्थापना दिवस मनाया गया। कोलार नेताजी हाउसिंग सोसायटी आंगनम में



आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मलयाली एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट जॉली कुरियन ने कहा कि यदि केरल हमारी जन्मभूमि है, तो मध्य प्रदेश हमारी कर्मभूमि है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सी. अशोकन ने आइमा के धर्मार्थ कार्यों के बारे में बताया। एसोसिएशन के राज्य सचिव अनिल नायर ने प्रवासी मलयाली लोगों के लिए केरल सरकार की विभिन्न योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया। इस अवसर पर कॉलर एरिया के वरिष्ठजनों को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य लेडीज जॉइन संयोजक शम्मी हरीश, प्रसन्ना सोमराजन और समाज के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। यूनिट समन्वयक सीपी सुनील ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निरोगी रहने के तीन मंत्र, उपवास पेट की सफाई और नींद: टेवानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में चल रहे ÷दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर÷ में अनुभव सत्र हुआ, जिसमें शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने प्रकाश डाला। टेवानी ने बताया कि देश के कई शहरों से साधक स्वस्थ रहने की कला सीखने आए हैं। यहां डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्स, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपर कोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर से राहत के टिप्स दिए जा रहे हैं।

सत्र में डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि शिविर का उददेश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, उपवास रसाहार व फलाहार के माध्यम से



करते हैं। आप सबका दायित्व यह हैं कि आपने इस स्थान से जितना सीखा हैं उतना दूसरो को बांटे ताकि वो भी आपके जैसे स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखें। अनुभव सत्र में शिविरार्थियों ने अपने अनुभवां को साझा किया। आगामी कैम्प 17 नवम्बर से 26 नवम्बर 2023 को आयोजित किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** | हर कार्यकर्ता रामेश्वर बनकर चुनाव मैदान में है

# संतनगर में भाजपा मंडल के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के प्रचार अभियान में गुरूवार को संतनगर में चुनाव कार्यालय की शुभारंभ हुआ। चंचल चौराहे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवियों एवं विशिष्ठजनों की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि - हुजूर में हर कार्यकर्ता पूरे भाजपा की विजय के संकल्प के साथ जुटा है। हर कार्यकर्ता गांव, गली, मुहल्लों में द्वार-द्वार जाकर, कुंडी खड़खड़ाकर नागरिकजनों के सामने भाजपा का रिपोर्ट कार्ड रख रहा है। उन्होंने कहा, मैंने अपने कार्यकाल में जनकल्याण व क्षेत्रीय विकास का हर काम कराया है। हुजूर से केवल रामेश्वर शर्मा चुनाव नहीं लड़ रहा है, हुजूर का एक-एक परिवारजन रामेश्वर बनकर चुनाव लड़ रहा है। इसलिए हर नागरिक स्वयं की विजय के लिए भाजपा को जिताने के लिए उत्साहित है।ये रहे उपस्थित इस अवसर पर विष्णु गेहानी, कर्नल नारायण पारवानी, महेश दयारमानी, डॉक्टर धर्मेंद्र, सुशील वासवानी, वासुदेव वाधवानी, ईश्वरलाल हिमथानी, मूलचंद विधानी, रमेश जनयानी, राम श्रीचंदनानी, जवाहर मूलचंदानी, चंदू भैया, केशव लेखवानी, हरीश मूलानी, बसंत चेलानी, माखन राजपूत, राजेश हिंगोरानी, राम बंसल, राहुल राजपूत, किशन अच्छानी, महेश खटवानी, विकास मारण, जगदीश आसवानी, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बरगद और बिल्व पत्र के पौधे रोपे

**हिरदाराम नगर।** दीनदयाल बोरवन क्लब के मीडिया प्रभारी रवि नारायण सतानी का जन्म दिन क्लब सदस्यों ने बरगद का पौधारोपकर मनाया। क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने रवि की समाजसेवा एवं पर्यावरण के लिए किए गए कार्यों की तारीफ की और बधाई दी। इस अवसर पर सुरेश गेहानी,सुनील दादलानी,महेश मूलचंदानी,दिनेश सोनी,सुरेश भाई,हरमेश सबनानी सहित अनेक संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## स्टूडेंटस ले रहे है मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण

**हिरदाराम नगर।** लाइफ लाइन स्कूल में स्टूडेंटस को मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसमे कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। लायन्स क्लब भोपाल मन्नत के सहयोग से भी बच्चे मार्शल आर्ट सीख रहे है। में गौरव सेन कक्षा ले रहे हैं। मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक दीवान ने बताया कि मार्शल आर्ट सीखने से शरीर स्वस्थ रहता है आत्म विश्वास बढ़ता है पढ़ाई में ध्यान लगता है। सेल्फ डिफेन्स रहते है विधार्थी को खेल कूद में भी रुचि बढ़ती है।

## छोटी-बड़ी खबरें

### सामान्य प्रेक्षक ने ली समीक्षा बैठक

भोपाल. कलेक्ट्रेट में आदर्श आचार संहिता के संबंध में गोविन्दपुरा जनरल ऑब्जर्वर आइएएस संदीप जे जैकस की अध्यक्षता में अभ्यार्थियों के साथ बैठक हुई। इसमें रिटर्निंग ऑफिसर लक्ष्मीकांत खरे व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुनील वर्मा मौजूद रहे। बैठक में अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता व आय व्यय संबंधित निर्देश दिए गए।

### प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम निरीक्षण

भोपाल. गुरुवार को मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण दक्षिण पश्चिम की सामान्य प्रेक्षक सुजाता साहू ने किया। इस दौरान उन्होंने दोनों ही स्थान पर की गई व्यवस्थाएं देखी। इसके बाद वे दक्षिण पश्चिम आरओ कार्यालय पहुंची। जहां वे नामांकन वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहीं।

### मतदान करने कर रहे जागरूक

भोपाल. महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज की छात्राओं ने विधान सभा चुनाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इसके के तहत मतदान को लेकर नुक्कड़ नाटक के साथ शपथ ली।

### मतदान दलों का दूसरा रेंडमाइजेशन

भोपाल। मतदान दलों का दूसरा रेंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुआ। साथ ही माइक्रो ऑब्जर्वर्स का भी दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। मतदान दलों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष ङ्क्षसह सहित 7 विधान सभाओं के सामान्य प्रेक्षक उपस्थित रहे।

### वोटर लिस्ट में जोड़े गए डेढ़ लाख नाम

भोपाल. जिले में नई मतदाता सूची सामने आने के बाद करीब डेढ़ लाख नए वोटरों के नाम जोड़े गए हैं। जिनके वोटर कार्ड नहीं मिले इसमें से 90 हजार नए वोटरों को कार्ड मिल गए हैं। इन्हें विधानसभावार डिस्पेच जा चुका है। कंट्रोल रूम से वोटर कार्डों को छांटने के बाद उन्हें विधानसभाओं में डिस्पेच कर दिया गया।



केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, नरोत्तम मिश्रा ने अशोकनगर, मुंगावली व दतिया में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा।



ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मैहर, सुरखी, सांची और बदनावर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा की।

### नाम वापसी के बाद विस चुनाव प्रचार पकड़ रहा तेजी

# रण में तेज हुए आरोप-प्रत्यारोप, सिंधिया ने नाथ को घेरा, शिवराज पर बरसी कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव में प्रत्याशियों के प्रचार के लिये भाजपा ने अब ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी पूरा उपयोग शुरू कर दिया है। वे सतना से सांची तक सभा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी रोज आधा दर्जन क्षेत्रों में सभा में व्यस्त हैं और कांग्रेस ने आगामी दो सप्ताह में महाप्रचार का खाका तैयार कर लिया है। इसमें राहुल प्रियंका गांधी समेत मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा भी शामिल हैं। कमलनाथ के अलावा रणदीप सुरजेवाला व दिग्विजय सिंह भी सभा के लिये निकल रहे हैं। वहीं आज मुख्यमंत्री टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, कटनी एवं जबलपुर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा रीवा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर नीमच, कैलाश विजयवर्गीय रायसेन, ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भोपाल जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार में उतरे हैं।

भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मंडला जिले के बिछिया और मंडला विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि यहां जो भाजपा उममीदवार है वह इलाज से लोगों की सेवा कर रहे हैं। हम लोग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जमाने से कांगेस की दिग्विजय सिंह की सरकार के आतंक और अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे हैं। 2003 के बाद जन्म लेने वाले युवाओं ने 2003 के पहले के मध्यप्रदेश के दुरावस्था के दौर को नहीं देखा है। उन्हें दिग्विजय सिंह के शासनकाल के समय मध्यप्रदेश की सड़क, बिजली, पानी को लेकर क्या स्थिति थी यह बताना है।

### झूठ और लूट की कांग्रेस ने - सिंधिया

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मैहर, सुरखी, सांची और बदनावर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा में कहा कि सवा साल तक रही कांगेस की कमलनाथ सरकार ने सेवा भाव की जगह सत्ता का भाव पाल लिया था। जब कांग्रेस की सरकार आई तो ब? भाई और छोटे भाई ने मिलकर वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया । प्रदेश में उद्योग नहीं लाए, ट्रांसफर-पोस्टिंग का उद्योग शुरू करके भ्रष्टाचार का खेल खेला। कमलनाथ के पास मंत्रियों से मिलने का समय नहीं होता था, वह बोलते थे 'चलो, चलो, समय नहीं है।

### जिनके मकान गिराए उन्हें हम बनाकर देंगे- नाथ

वहीं कमलनाथ ने खुरई की सभा में सीएम शिवराज सिंह को निशाने पर लिया और कहा कि शिवराज दावा करते हैं कि वह मेट्रो लेकर आए हैं, लेकिन जब कांग्रेस की सरकार आई थी तो हमने इंदौर और भोपाल में मेट्रो की नींव रखने का काम किया था। पूरे बुंदेलखंड का झूठा विकास आपके सामने है, 8 हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज देने का काम राहुल गाँधी ने किया था, अगर शिवराज सिंह चौहान की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार नहीं होती तो इसका पूरा लाभ बुंदेलखंड को मिलता। खुरई आज अत्याचार का केंद्र बन चुका है। नाथ ने कहा कि अत्याचार करने वाले लोगों को ध्यान रखना होगा कि कल के बाद परसों भी आता है और हमारी सरकार बनने के बाद जनता आपके अत्याचार का हिसाब लेगी। खुरई में जिन लोगों के मकान गिराये गए थे हमारी सरकार आने पर उन्हें हम दोबारा बना कर देंगे।

### झूठ का काल्पनिक संसार रच रही भाजपा

कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि विगत चार साल से मुख्यमंत्री एवं भाजपा झूठ के साथ ही अपनी दिनचर्या को अंजाम देती आ रही है। वे कमलनाथ सरकार के कामों और उसकी दक्षता से डरकर झूठ का एक काल्पनिक संसार रच रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमत्री ने लगभग 100 बार कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कोई कर्जा माफ नहीं किया किंतु विधानसभा में स्वीकार करना पड़ा कि 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ है।

### कांग्रेस का महाजनसंपर्क 150 लक्ष्य

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया है कि कांग्रेस कमलनाथ के नेतृत्व में मप्र में महाजीत की ओर कदम बड़ा रही है, 150 प्लस सीटें जीतकर आ रही है। अब पार्टी महाजनसंपर्क अभियान चलाकर अगले 15 दिनों में 230 विधानसभा सीटों तक पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मप्र के आमजन बनाम भाजपा की 18 साल की नाकामियों के बीच है। उन्होंने कहा कि 18 साल की नाकामियां बनाम कांग्रेस की ग्यारंटियों के बीच भी चुनाव होने वाला है।

### कोई बस्ती में तो कोई कुएं की मुंडेर पर बैठकर कर रहा प्रचार



भोपाल में चुनाव प्रचार का रंग अब तेजी से चढ रहा है। दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में भाजपा प्र्याशी भगवानदास सबनानी ने बस्तियों पर फोकस किया है। उन्होंने वार्ड क्रमांक 28 के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया और नगर निगम अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी के साथ अंबेडकर नगर क्षेत्र से जनसंपर्क किया जहां पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नागरिकों से संवाद किया। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा भी बस्ती कालोनियाो में तेजी से लोगों से मिलने जुलने में जुटे हैं। पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान गुड्डु भी कार्यकर्ताओं की टोलियों के साथ जनसपंर्क कर रहे हैं। नरेला में कांग्रेस के मनोज शुक्ला ने भाजपा सरकार व क्षेत्रीय विधायक विश्वास सारंग पर हमले तेज कर दिये हैं। उन्होंने क्षेत्र की गंदगी व अव्यवस्थाओं को लेकर नागरिकों के साथ संवाद किया। वे गंदगी भरे स्थानों पर विरोध स्वरूप बैठे भी। उन्होंने कहा वार्ड स्र5.75 रतन कालोनी जनसंपर्क के दौरान कालोनी के अंदर बने कुएं में भरी गंदगी और बदबूदार कचरे से रहवासी परेशान हैं। खुद को विकास पुरुष और फ्लाईओवर मंत्री बताने वाले नरेला के प्रतिनिधि 15 सालों में झूठा विकास का ढिंढोरा पीटने वाले में उनको दिखाना चाहता हूं की नरेला की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं से परेशान है। वहीं सारंग ने भी प्रचार शुरू कर दिया है।



कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा ने प्याज की महंगाई पर सरकार को घेरा

# हम छात्रों को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाएंगे : प्रो.सुरेश

### रोजगार सृजन केंद्र का हुआ उद्घाटन, स्वावलंबी भारत एवं उद्यमिता विषय पर व्याख्यान भी आयोजित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हम छात्रों की सृजनात्मकता को मंच देते हैं और हम उन्हें नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें उद्यमिता को ब?ाना है तो हम सबको आगे आना होगा। यह बात माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के कुलपति प्रो.डॉ.के.जी. सुरेश ने कही। एमसीयू में गुरुवार को कुलपति प्रो.डॉ.के.जी. सुरेश, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं आर्थिक चिंतक डॉ. अश्वनी महाजन ने रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार, कवि एवं लेखक पंकज पाठक की पुस्तक मदनमोहन जोशी की पत्रकारिता का सौंदर्यशास्त्र का विमोचन किया गया। रोजगार सृजन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर स्वावलंबी भारत एवं उद्यमिता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

### बेरोजगारी शब्द उन्हें कहीं नहीं मिला

मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय प्रो. डॉ. अश्वनी महाजन ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कमाई करने के बारे में भी सोचना चाहिए। डॉ. महाजन ने कहा कि भारत के वांग्मय का उन्होंने अध्ययन किया है, लेकिन बेरोजगारी शब्द उन्हें कहीं नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भारत उद्यमियों का देश रहा है।

# वन कर्मचारी मंच ने जताई नाराजगी, वन कर्मियों की चुनाव ड्यूटी निरस्त नहीं होने पर आपत्ति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन कर्मचारी मंच ने चुनावों में वन कर्मियों की ड्यूटी निरस्त नहीं करने पर नाराजगी जताई है। प्रदेश के 19000 वन कर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है। मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश के बाद भी प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी। मप्र वन कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए वनकर्मियों की ड्यूटी चुनाव में नहीं लगाई जाती है, लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा इस बार वनकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इस संबंध में वन विभाग ने भी पत्र लिखा था, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों की ड्यूटी निरस्त नहीं की गई। ऐसे में वनों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। वन माफिया सक्रिय हो जाएगा। इसे लेकर वनकर्मियों में आक्रोश है।

# आईसीएआर और एक्सीलेंस कॉलेज के बीच हुआ एमओयू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### संस्थान शैक्षणिक एवं शोध के क्षेत्रों में एक-दूसरे के साथ सहयोग करेंगे

एक्सीलेंस कॉलेज (आईईएचई) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के बीच एमओयू किया गया। इसके अंतर्गत दोनों संस्थान शैक्षणिक एवं शोध के क्षेत्रों में एक-दूसरे के साथ सहयोग करेंगे। इस एमओयू पर आईसीएआर के निदेशक डॉ. सीआर मेहता एवं आईईएचई के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल द्वारा हस्ताक्षर किये गये। उल्लेखनीय है कि आईईएचई में फूड साइंस, बायोटेक्नालॉजी, रसायनशास्त्र तथा भूगोल के विषयों में उच्च स्तर का शिक्षण एवं शोध कार्य होता है जिसे आईसीएआर के सहयोग से और अधिक उन्नत एवं समृद्ध किया जा सकता है। इस अवसर पर आईईएचई से डॉ. रामकृष्ण श्रीवास्तव एवं डॉ. महेन्द्र सिंघई तथा आई.सी.ए.आर. से डॉ. यू. आर. बडेगांवकर तथा डॉ. व्ही. भूषण बाबू उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** हजारों छात्र परीक्षा फार्म नहीं भर पाए, मंडल ने शासन को लिखा था पत्र

# 12वीं में विषय बदलने की मांग कर रहे छात्रों के संबंध में निर्णय अटका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं, लेकिन अब तक स्कूल शिक्षा विभाग 12वीं में विषय बदलने की मांग कर रहे छात्रों के संबंध में निर्णय नहीं ले पाया है। विषय बदलकर पढ़ाई कर रहे हजारों छात्र परीक्षा फार्म नहीं भर पाए हैं। अब परीक्षा फार्म भरने के लिए इन स्टूडेंट्स को पांच हजार लेट फीस देना होगी।**

### यह है पूरा मामला



फाइल फोटो

दरअसल माशिमं की 10वीं परीक्षा पास करने के बाद 11वीं में विद्यार्थी संकाय या विषयों का चुनाव करते हैं। इसमें 11वीं में हायर मेथमेटिक्स, बायोलाजी, कामर्स, आर्ट्स, होम साइंस जैसे संकाय होते है। 11वीं में विद्यार्थी हायर मेथमेटिक्स जैसे कठिन विषयों को लेने के बाद 12वीं में इसे बदल सकता था। हायर मेथमेटिक्स के स्थान पर कामर्स या आर्ट्स ले सकता था। दो साल पहले तक माशिमं द्वारा 12वीं में संकाय बदलने की सुविधा दी जाती थी। पिछले साल भी कुछ विशेष प्रकरणों में विषय बदलने की सुविधा दी गई। लेकिन इस साल से मंडल ने पूरी तरह से छात्रों के यह अधिकार छीन लिए हैं। इस बार मंडल ने 12वीं में सिर्फ त्रुटि सुधार की सुविधा दी है। प्रदेश भर में कुछ हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों माशिमं को पत्र लिखे, लेकिन मंडल ने अभी तक कोई जबाव नहीं दिया है। वहीं मंडल ने इस विषय में निर्णय लेने के लिए शासन को पत्र लिखा है।



## सुविचार

``जीवन में प्रयास सदैव कीजिए, लक्ष्य मिले या अनुभव दोनो ही अमूल्य हैं।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# सुरक्षित सफर का तकाजा

रेलवे सुरक्षा से जुड़े सवालों की ओर इस बार आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों के बीच हुई टक्कर ने ध्यान खींचा है। वह भी फिर तथा बेहद कम वक्त में। सूचनाओं के मुताबिक विशाखापत्तनम से पलासा जा रही एक पैसेंजर ट्रेन सिगनल न होने की वजह से धीमी रफ्तार से जा रही थी जिसे उसी लाइन पर तेज रफ्तार से आ रही दूसरी ट्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी। रेलवे अधिकारियों की राय है कि यह हादसा दूसरी ट्रेन के लोको-पायलट की गलती का नतीजा लगती है, जो खुद भी इस दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुर्घटना ने करीब 5 महीने पहले ओडीसा में ट्रेन हादसे की याद ताजा कर दी। जिसमें 280 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो गई थी। वैसे इसी महीने की 12 तारीख को बिहार के बक्सर में भी नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के 23 कोच पटरी से उतर गए थे। भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय रेल रोज औसतन सवा सौ करोड़ लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। ऐसे में ये छोटे-बड़े हादसे उन तमाम लोगों के मन में चिंता पैदा करते हैं, जो कहीं जाने के लिए बेखटके रेलवे का सहारा लेते हैं। जहां तक रेलवे के सेफ्टी सिस्टम का सवाल है तो रेलवे से जुड़ी संसदीय समिति और सीएजी दोनों की रिपोर्टें इस ओर ध्यान खींचती रही हैं। दिसंबर 2016 से मार्च 2023 के बीच ही ऐसी कम से कम तीन रिपोर्ट हैं, जो बताती हैं कि रेलवे अपने सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा। जहां तक सुरक्षा पर होने वाले खर्च की बात है तो 2017-18 में राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष तैयार कर दिया गया था। इस कोष में धन की कमी नहीं पड़ने दी गई, लेकिन मार्च 2023 में संसदीय समिति ने बताया कि कभी एक साल भी ऐसा नहीं गुजरा, जिसमें इस सालाना रकम का पूरी तरह इस्तेमाल किया गया हो। ओडिशा में जून में हुए हादसे के पीछे भी सिगनलिंग सिस्टम की गड़बड़ियां बताई गई थीं। हालांकि उस मामले में सीबीआई ने तीन रेलकर्मियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की है। अब आंध्र प्रदेश में हुई दुर्घटना की जिम्मेदारी उस लोको-पायलट के सिर डाली जा रही है, जो अपना पक्ष रखने के लिए अब जीवित भी नहीं। हो सकता है उससे मानवीय भूल हुई हो, लेकिन आखिरकार यह रेल सुरक्षा से जुड़ा मामला ही है, जिसकी जिम्मेदारी रेलवे सिस्टम पर आती है। लोकोमोटिव पायलट जिस तरह की चुनौतियों के बीच और जिस तरह के हालात में काम करते हैं, वे भुलाए नहीं जा सकते। इस संबंध में दिसंबर 2016 में संसदीय समिति ने ध्यान दिलाया था कि लोकोमोटिव पायलट तकरीबन हर किलोमीटर पर एक सिगनल से गुजरते हैं और उन्हें पर्याप्त टेक्निकल बैकअप भी उपलब्ध नहीं होता। अक्सर उन्हें 10 घंटे का अपना शिफ्ट बढ़ाना भी पड़ता है।यदि यह सारे हालात सच हैं तो ऐसे में सुरक्षा से जुड़े इन पहलुओं की अनदेखी ठीक नहीं मानी जा सकती।क्योंकि इस वक्त हर रोज वंदेभारत जैसी सुपरफास्ट ट्रेन तथा बुलेट ट्रेन जैसी रफ्तार वाली यात्री गाडियों का लांच किया जा रहा है। जबकि कई बार यह कहा सुना भी गया है कि रेल्वे के ट्रेक पुराने हैं और पूरे ट्रेक पर कई तरह के खतरे भी हैं। ऐसे में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने पर लगातार जोर आगे चलकर और गंभीर स्थिति पैदा कर सकता है।

## कविता

### पकड़ में ना आना !



– कृष्णेन्द्र राय

भागता है कौन पर।
पकड़ में ना आना ।।
लगता करके एक-एक।
सबको अंदर जाना ।।
पता नहीं चल पाया।
हमको क्यों बुलाया ?
किया किसने टोटका।
है यह कैसा साया ?
हैं हम सारे अवगत।
जारी इस पर काम ।।
ज्यादती ना सहना।
बन के रहेगा नाम ।।
पर करना सहयोग।
हैं पूरे तैयार ।।
ना हम झुकने वाले।
करो लाख प्रहार ।।

## आज का इतिहास

- 644 - ईसा पश्चात् - दूसरे मुस्लिम खलीफा उमर इब्न अल खत्ताब की मदीना में एक फारसी गुलाम ने हत्या कर दी।
- 1394 - फ्रांस के सम्राट चार्ल्स षष्ठम ने यहूदियों को फ्रांस से बाहर खदेड़ दिया।
- 1493 - क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की।
- 1655 - इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- 1762 - ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई।
- 1796 - जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
- 1857 - नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये के आदेश
- 1869 - कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया।
- 1903 - पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली।
- 1938 - 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था कायम की गई।
- 1948 - भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
- 1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1962 - चीन के हमले के मद्देनजर भारत में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की गयी।
- 1984 - भारत में सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए।
- 1988 - वायु सेना ने आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया।
- 1997 - जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन कुआलालम्पुर में प्रारम्भ।
- 2000 - भारत सरकार द्वारा डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिये शुरू की गयी।
- 2001 - अमेरिका ने लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।

# बदलती विश्व व्यवस्था और भारत से अपेक्षा, पश्चिम एशिया संकट के लिए सक्रिय होना जरूरी

**यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिम एशिया के संकट में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका नगण्य ही दिखी। जी-20 की अध्यक्षता के बाद भारत से भी प्रभावी भूमिका अदा करने की अपेक्षा है। आज भारत के पास मजबूत नेतृत्व और आर्थिक ताकत है, लिहाजा उसे समय पर सक्रिय होते हुए अपनी क्षमता प्रदर्शित करनी होगी।**

एम के नारायणन

हम निरंतर तीव्र और बढ़ती भू-रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के समक्ष भारी जोखिम और संभावनाओं के समय में जी रहे हैं। बीसवीं शताब्दी के आखिर में संशय का शिकार होने के बाद से दुनिया ज्यादा से ज्यादा संघर्ष की तरफ झुकती दिख रही है। नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था आज पश्चिमी देशों की कल्पना मात्र रह गई है, दुनिया भर के ज्यादातर देश मात्र इसका दिखावा कर रहे हैं। वर्ष 2022 का यूक्रेन संघर्ष इस गिरावट की शुरुआत है तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संघर्ष एवं विकास के विस्तार से इसमें तेजी आई है।

जैसे ही दुनिया ने 21वीं सदी में प्रवेश किया, चीन और उसकी आधिपत्यवादी प्रवृत्ति विशेष रूप से पश्चिम के लिए एक स्थायी चिंता का विषय बन गई और यह मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए भी खतरा है। उनमें से कई देशों के लिए ताइवान ज्वलंत प्रतीक है, जहां कभी भी संघर्ष शुरू हो सकता है। हालांकि ज्यादातर दूसरे देश यह सोचते हैं कि लंबे समय तक चलने वाला यूक्रेन युद्ध वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा हो सकता है, जिसने पहले ही विभिन्न देशों को अपना पक्ष चुनने के लिए मजबूर कर दिया है। इस बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र को रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के प्रमुख क्षेत्र के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसा इसलिए है कि आज इस क्षेत्र में बड़ी मात्रा में सैन्य शक्ति और धन मौजूद है। साथ ही विभिन्न तरह के तनावों को झेलने की इसकी क्षमता अनिश्चित बनी हुई है। ताइवान को लेकर संघर्ष या दक्षिण चीन सागर में समुद्री यातायात को लेकर खतरे (जो हमेशा रहने वाला खतरा है) जैसी स्थितियों के नतीजे तब तक गंभीर साबित हो सकते हैं, जब तक कि इससे उचित तरीके से निपटा नहीं जाता है, क्योंकि अमेरिका, यूरोपीय शक्तियां और सभी पश्चिमी देश चीन (और रूस एवं उनके सहयोगियों के समूह) के खिलाफ हैं। दोनों पक्षों के पास परमाणु सहित अत्याधुनिक हथियार हैं और ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि क्या हो सकता है। इस क्षेत्र में शांति चीन के व्यवहार पर निर्भर करती है, लेकिन उसका रवैया अस्पष्ट एवं अनिश्चित है।

शी जिनपिंग के राष्ट्रपति काल में चीन और भी आक्रामक हो गया है, जो पहले एशिया-प्रशांत क्षेत्र में और फिर दुनिया के बाकी हिस्सों में वर्चस्व हासिल करना चाहता है। चीन द्वारा निर्देशित और चीन के प्रभुत्व वाली विश्व व्यवस्था के प्रति उसका विश्वास न केवल एशिया के देशों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक आसन्न खतरा है। हाल के घरेलू घटनाक्रम ने भले ही चीन के विस्तारवादी मंसूबों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी हो, लेकिन वह अब भी विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। बंटी हुई दुनिया में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और संघर्ष के मद्देनजर



आज हम पश्चिम एशिया की सबसे शक्तिशाली सेना यानी इस्राइली रक्षा बलों का हाल देख रहे हैं, जिसे हमास ने घातक झटका दिया है, जबकि हमास को कभी बहुत घातक आतंकी संगठन नहीं माना गया। इस्राइल का इस तरह से झुकना एक नए खतरे की आशंका को जन्म देता है यानी कि भविष्य की लड़ाई देश की सेनाओं और आतंकी संगठनों के बीच हो सकती है, जो अप्रत्याशित परिणामों का मार्ग प्रशस्त करेगी। शांति का माहौल बनाने के लिए कई महीनों से चल रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों (इस्राइल और पश्चिम एशिया के कुछ देशों के बीच अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर सहित) की पृष्ठभूमि में हमास का विगत सात अक्तूबर को किया गया हमला दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक पश्चिम एशिया में शांति की कमजोर स्थिति को दर्शाता है। हमास के सात अक्तूबर के हमले ने शांति के लिए मौजूद सभी अवसरों और उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया है। खास बात यह है कि इसने न केवल दुनिया भर में आतंकवाद को बढ़ावा दिया है, बल्कि आधुनिक संघर्ष को एक नया आयाम दिया है।

हाल के घटनाक्रमनों ने, चाहे वह यूक्रेन हो, पश्चिम एशिया हो या फिर सुदूर पूर्व, निर्णायक रूप से यह प्रदर्शित किया है कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन और शांति की दिशा में कोई भी सार्थक कदम उठाने या शांति के लिए बातचीत की शुरुआत करने की उसकी क्षमता पूरी तरह से अप्रासंगिक है। इसका नतीजा यह है कि जैसे-जैसे 2023 अंत की ओर बढ़ रहा है, दुनिया बिखरी हुई नजर आ रही है। इससे भी बुरी बात यह है कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों पर असर डालने वाले संघर्षों के समाधान की कोई उम्मीद नहीं है। इन सबने भारत को एक मुश्किल स्थिति में डाल दिया है। जी-20 की सफल अध्यक्षता से उत्साहित और अपेक्षाकृत बेहतर अर्थव्यवस्था वाली दुनिया के कुछेक गिने-चुने देशों में से एक भारत से कम से कम यूरोप और पश्चिम एशिया के देशों में इन विवादों के निपटारे में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की गई होगी। रूस और अधिकांश यूरोपीय देशों के साथ भारत के बहुत बेहतर रिश्ते रहे हैं और दोनों क्षेत्रों के लोगों एवं नेताओं के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंध हैं। हाल ही में यह अमेरिका और पश्चिमी देशों के सबसे पसंदीदा देशों में से एक बनकर उभरा है। फिर भी यह यूक्रेन-रूस संघर्ष में शांति की उम्मीद जगाने या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए इस सद्भावना का फायदा उठाने में विफल रहा है। पश्चिम एशिया के संकट में इसकी बहुत कम भूमिका रही है।

कुछ लोग इससे इन्कार करते हुए कह सकते हैं कि आज शायद ही कोई ऐसा देश है, जिसके पास अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तेजी से आई मौजूदा गिरावट पर विराम लगाने और संभावित महायुद्ध को रोकने की क्षमता और आवश्यक सद्भावना है, जिस पर दुनिया अभी विचार कर रही है। यदि मौजूदा स्थिति को कुछ और समय तक जारी रहने दिया गया, तो 21वीं सदी को 17वीं और 18वीं सदी की तरह ही देखा जा सकता है। आज भारत के पास अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गिरावट को रोकने के लिए उपयोगी भूमिका निभाने की खातिर मजबूत नेतृत्व और आर्थिक ताकत है, लेकिन उसे जरूरी समय पर सक्रिय होते हुए अपनी क्षमता प्रदर्शित करनी पड़ेगी।

**साभार :** लेखक इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व निदेशक, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल हैं।

# आयातक से मोबाइल फोन निर्यातक बनने की ओर भारत


डॉ. शशांक द्विवेदी

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी मंच, भारतीय मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के सातवें संस्करण का उद्घाटन किया। आईएमसी एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है। यह आयोजन दूरसंचार और प्रौद्योगिकी में भारत की अविश्वसनीय प्रगति को रेखांकित करने, महत्वपूर्ण घोषणाएं करने तथा स्टार्ट-अप को अपने नए प्रोडक्ट्स और समाधानों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। आईएमसी 2023 में लगभग 22 देशों के एक लाख से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 5000 सीईओ स्तर के प्रतिनिधि, 230 प्रस्तुतिकर्ता, 400 स्टार्टअप और अन्य हितधारक शामिल हुए।

तीन दिन तक चलने वाले इस टेक इवेंट के 7वें संस्करण में 6जी, 5जी नेटवर्क सुधार, दूरसंचार और अन्य क्षेत्रों पर फोकस रहा। सम्मेलन में कहा गया कि हम 6जी तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। दरअसल, चाहे 6जी हो, एआई हो, साइबर सिक्योरिटी हो, सेमीकंडक्टर हो, ड्रोन हो, डीप सी हो, आने वाला समय बिल्कुल अलग होने वाला है। निन्संदेह यह सभी के लिए खुशी की बात है कि हमारी युवा पीढ़ी देश के भविष्य का नेतृत्व कर रही है।

'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि कैसे भारत आयातक से मोबाइल फोन का निर्यातक बन गया है। साथ ही एप्पल, गूगल जैसी बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियां देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरर बनने के लिए तैयार हैं। इस इवेंट में 6जी टेस्चबेड की लॉन्चिंग भी हो गई है। इस अवसर पर उन्होंने देश के 100 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थान में 5जी एप विकास प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किए जाने की घोषणा भी की। इन लैब्स में 5जी से जुड़ी तमाम टेक्नोलॉजी का टेस्ट होगा। देश के नागरिकों की पूंजी और संसाधनों के साथ प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।

हाल ही में, गूगल ने भारत में अपने पिक्सल फोन के निर्माण की घोषणा की है। सैमसंग के फोल्ड 5 मोबाइल फोन और एप्पल के आई फ़ोन 15 का निर्माण भारत में किया जा




रहा है। दुनिया अब मेड इन इंडिया मोबाइल फोन का उपयोग कर रही है। देश दुनिया के शीर्ष 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बन गया है। भारत ने यूनिकॉर्न की एक सदी बना ली है और दुनिया के शीर्ष 3 स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में से एक बन गए हैं। वर्ष 2014 से पहले भारत में महज कुछ 100 स्टार्ट-अप थे, लेकिन अब यह संख्या 1 लाख से ज्यादा हो गई है।

भारत में औसत मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड पिछले साल में 3 गुना बढ़ गई है। मोबाइल ब्रॉडबैंड की स्पीड में जहां पहले हम 118वें स्थान पर थे, आज हम 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रैंकिंग और संख्या से परे इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्पीड में सुधार से जीवन सुलभ बनता है। 21वीं शताब्दी का यह कालखंड भारत की थॉट लीडरशिप का समय है। हम कुछ क्षेत्रों में थॉट लीडर बने हैं, जैसे यूपीआई हमारी थॉट लीडरशिप नयी सोच का परिणाम है। देश आज डिजिटल भुगतान प्रणाली में पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। इसी तरह कोविड महामारी के समय में टीकाकरण के लिए कोविन ने निर्णायक भूमिका निभाई।

एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी मंच पर एआई एप्लीकेशन, एज कंप्यूटिंग, इंडस्ट्री 4.0 और इंडिया स्टैक को लेकर भी नई जानकारी मिली। साथ ही आईएमसी 2023 में ब्रॉडकास्ट, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, मैन्युफैक्चरिंग और सेमीकंडक्टर जैसे संबंधित टेक्नोलॉजी डोमेन के विस्तार को शोकेस किया गया।

वास्तव में आईएमसी का मुख्य उद्देश्य भारत को एक टेक्नोलॉजी डेवलपर, दूरसंचार निर्माता और निर्यातक के रूप में स्थापित करना है। इस बार आईएमसी की थीम ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन रही, जिसमें ड्रोन, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, मोबाइल मैन्युफेक्चरर, साइबर सुरक्षा स्टार्टअप आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इंटरनेट प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के वर्तमान दौर में साइबर और इन्फ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी के महत्व को देखते हुए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है।

भारत को एक टेक्नोलॉजी पावरहाउस के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहिए और आईएमसी इस दृष्टि में एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। सबसे पहले इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन साल 2017 में किया गया था। बीते छह सालों से यह इवेंट भारत की ग्लोबल उपस्थिति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसने इंडस्ट्री के लीडर्स के लिए डिजिटल इनोवेशन के भविष्य को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में भी मदद की है।

**साभार :** लेखक मेवाड़ यूनिवर्सिटी में डायरेक्टर हैं।

# मतदाता जागरुकता को लेकर हुआ मैत्री महिला क्रिकेट मैच

## शक्ति संकुल को हराकर महासागर संकुल की टीम में जीता मैच



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को नर्मदापुरम के एसएनजी ग्राउंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता हेतु आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह के परिसंघ महिला शक्ति संकुल स्तरीय संघ एवं महा सागर संकुल स्तरीय संघ की महिलाओं के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया , जो काफी रोमांचक रहा टॉस करते समय महासागर संकुल स्तरीय संघ ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग चुनी और अच्छे रन बनाते हुए 10 ओवर में 114 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। महासागर की टीम के कप्तान संगीता बनवारी के द्वारा 9 चौके और दो छक्कों की मदद से रिकॉर्ड 62 रन बनाए गए।

महिला शक्ति संकुल स्तरीय टीम के द्वारा मात्र 74 रन बनाए गए। महिला शक्ति टीम की सरिता बरेले के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया उन्होंने 33 रन बनाए। इस मैच में महासागर टीम को प्रथम विजेता घोषित किया गया दोनों टीमों को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत सूत्रकार द्वारा शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। मैच की कमेंट्री जनपद पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक रामकुमार गोर एवं आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक दुर्गेश ठाकुर के द्वारा की गई। अंपायर के रूप में ऑपरेटर हिमांशु पवार ने अच्छी अंपायरिंग की मैच के स्कोर बोर्ड का पूरा लेखा-जोखा आजीविका मिशन की सहायक प्रबंधक श्रीमती नीरज सिंह परिहार एवं श्रीमती कविता पाठक के द्वारा किया गया। इस मैच में महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था उन्होंने समूह की ड्रेस गुलाबी साड़ी में होने के बावजूद फील्डिंग कैचिंग रनिंग बोलिंग विकेट कीपिंग सभी बहुत अच्छी तरह से किया। दोनो टीमों ने पूरे जोश खरोश के साथ इस मैच को खेला जिसमें उपस्थित दर्शकों के द्वारा भरपूर आनंद लिया गया।

# परमिट शर्तों के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही, 30 चालान से 42500 वसूले



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

परिवहन आयुक्त तथा कलेक्टर नर्मदापुरम के दिशा निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ विभाग के जांच दल द्वारा पिपरिया मार्ग, इटारसी मार्ग तथा हरदा मार्ग पर सुबह से शाम तक जांच अभियान चलाते आचार संहिता में जारी नियमों के तहत निजी तथा यात्री वाहनों की तलाशी ली गई, तथा वाहनों के कागजात जांच करते हुए कमी पाए गए वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई, जिनमे 1 यात्री बस MP09FA4422 टूरिस्ट बस परमिट शर्तो का उल्लघंन करते हुए पिपरिया मार्ग पर संचालित पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई, अन्य वाहनों में ब्लैक फिल्म, हूटर, अनाधिकृत नाम प्लेट, फिटनेस, बीमा की जांच करते हुए 30 चालानों से 42500 हजार रुपए राजस्व वसूला गया. आरटीओ निशा चौहान ने बताया की आरटीओ विभाग की अलग - अलग जांच टीम द्वारा दिन और रात्रि में वाहनों को जांच, तलाशी तथा चालानी कार्यवाही की जा रही है, जो आचार संहिता में लगातार जारी रहेगी, और अधिक नियमों में लापरवाही वाले वाहनों पर जप्ति की कार्यवाही की जाएगी, जांच दल में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के साथ बाबू - विजय श्रीवास्तव, लखन गौड़, सिपाही - राकेश चौरे, दीपक उपाध्याय, प्रदीप यादव, गोलू पटेल,सुनील मुदगल, उदयभान, कीर्ति वर्मा, हेमंत प्रजापति शामिल रहे।

# सहायक कलेक्टर ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स का किया निरीक्षण

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सहयक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मोगराराम तथा निपानिया कला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थाओं की साफ-सफाई, दवा वितरण की स्थिति, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की उपलब्धि की



विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मोगराराम तथा निपानिया कला का राष्ट्रीय स्तर के दल द्वारा एन.क्यू.ए.एस. भ्रमण किया जाना है, जिसके लिए राष्ट्रीय मानक के अनुसार संस्थाओं में सुविधाएं प्रदान किए जाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

## जिले के 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब 40 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे

# जिले में नाम वापसी के अंतिम दिन 47 में से 7 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए

### चार विधानसभा में 40 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में नाम वापिसी के अंतिम दिन आज 47 में से 7 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन-पत्र वापिस ले लिए। सबसे अधिक सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 अभ्यर्थियों ने नामाकंन - पत्र वापिस लिए यहां संवीक्षा के बाद 11 अभ्यर्थी थे। इसके बाद नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में 2 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिया है यहां सवीक्षा के बाद 13 अभ्यर्थी थे। पिपरिया और सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में कोई भी अभ्यार्थी ने नाम निर्देशन पत्र वापस नहीं लिया है। इस प्रकार जिले के 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब 40 उम्मीदवार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सबसे अधिक 15 उम्मीदवार सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र में , उसके बाद नर्मदापुरम में 11 , पिपरिया में 8 और सबसे कम 6 अभ्यर्थी सोहगपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे है। विगत 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक 54 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन- पत्र जमा किये गये थे। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में विधि सम्मत नहीं पाये जाने पर 7 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये थे। जिले की विधानसभा सीटों के लिए 17 नवबंर को सुबह 7 बजे ये शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

### सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में ये 6 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सोहागपुर बृजेन्द्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में इंडियन नेशनल कांग्रेस से पुष्पराज सिंह, भारतीय जनता पार्टी से विजयपाल सिंह, महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी से हरिसिंह कलमे, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उमेश कुमार मित्तल, रामेश्वर अहिरवार एवं लक्ष्मण सिंह गौर चुनाव लड़ेंगे।

### पिपरिया और सिवनीमालवा विस क्षेत्र से किसी भी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया

जिले में नाम वापिसी के अंतिम दिन आज 47 में से 7 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन-पत्र वापिस ले लिए। सबसे अधिक सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 अभ्यर्थियों ने नामाकंन - पत्र वापिस लिए यहां संवीक्षा के बाद 11 अभ्यर्थी थे। इसके बाद नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में 2 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिया है यहां सवीक्षा के बाद 13 अभ्यर्थी थे। पिपरिया और सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में कोई भी अभ्यार्थी ने नाम निर्देशन पत्र वापस नहीं लिया है। इस प्रकार जिले के 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब 40 उम्मीदवार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सबसे अधिक 15 उम्मीदवार सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र में , उसके बाद नर्मदापुरम में 11 , पिपरिया में 8 और सबसे कम 6 अभ्यर्थी सोहगपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे है। विगत 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक 54 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन- पत्र जमा किये गये थे। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में विधि सम्मत नहीं पाये जाने पर 7 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये थे।

### पिपरिया में 8 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पिपरिया संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि पिपरिया में भारतीय जनता पार्टी से ठाकुरदास नागवंशी, बहुजन समाज पार्टी से प्रतिभा अहिरवार, इंडियन नेशनल कांग्रेस से वीरेंद्र बेलवंशी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से कड़ोरी लाल गोलियां, गण सुरक्षा पार्टी से मोनू मेहरा, राइट टू रिकॉल पार्टी से सुनील पवार, निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र पठारिया एवं निर्दलीय प्रत्याशी युगल किशोर निर्वाचन लड़ेंगे।

## होशंगाबाद विधानसभा में 2 और सोहागपुर में 5 अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस

पिपरिया और सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 अभ्यार्थी और होशंगाबाद में 2 अभ्यार्थी ने अपना नाम वापस लिया।रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सोहागपुर बृजेन्द्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को निर्दलीय अभ्यार्थी हबीब खां ने और अंतिम दिन गुरुवार को शेख सिकंदर, बहुजन समाज पार्टी से अभ्यार्थी हेमराज सिंह परिहार , निर्दलीय अभ्यार्थी ब्रिजेश यादव और निर्दलीय अभ्यार्थी गणेश अहिरवार ने विधानसभा निर्वाचन में अपनी उम्मीदवारी से नाम वापस लिया है।

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होशंगाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी राजेश शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी धनीराम गौर ने नाम वापस लिया है। इस प्रकार अब पिपरिया विधानसभा में सभी 8 अभ्यार्थी और सिवनीमालवा विधानसभा में सभी 15 अभ्यार्थी निर्वाचन में उम्मीदवार के रूप में शामिल होंगे। होशंगाबाद विधानसभा में नाम वापसी के बाद 13 में से 11 अभ्यार्थी और सोहागपुर में 11 अभ्यर्थियों में से अब 6 अभ्यार्थी निर्वाचन में शामिल होंगे।

### प्रत्याशी धनीराम गौर ने नाम वापस लिया है।

इस प्रकार अब पिपरिया विधानसभा में सभी 8 अभ्यार्थी और सिवनीमालवा विधानसभा में सभी 15 अभ्यार्थी निर्वाचन में उम्मीदवार के रूप में शामिल होंगे। होशंगाबाद विधानसभा में नाम वापसी के बाद 13 में से 11 अभ्यार्थी और सोहागपुर में 11 अभ्यर्थियों में से अब 6 अभ्यार्थी निर्वाचन में शामिल होंगे।



### होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से 11 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होशंगाबाद आशीष कुमार पांडे ने बताया कि होशंगाबाद विधानसभा में इंडियन नेशनल कांग्रेस से गिरिजा शंकर शर्मा चुनाव चिन्ह हाथ, बहुजन समाज पार्टी से प्रदीप मांझी चुनाव चिन्ह हाथी, भारतीय जनता पार्टी से डॉ सीतासरन शर्मा चुनाव चिन्ह कमल , राइट टू रिकॉल पार्टी से अभिषेक चौधरी चुनाव चिन्ह प्रेशर कुकर , राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी से गुलाब दास बड़ोदिया चुनाव चिन्ह फव्वारा, अखंड भारत समाज पार्टी से सतेंद्र कुमार चुनाव चिन्ह फूल गोभी , नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी से सुरेंद्र लूटारे चुनाव चिन्ह हीरा , बहुजन मुक्ति पार्टी से सुरेंद्र वाडिवा चुनाव चिन्ह चारपाई, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अजय शुक्ला चुनाव चिन्ह टेलीफोन, भगवती प्रसाद चौरे चुनाव चिन्ह ऑटो रिक्शा, हरिओम की चुनाव चिन्ह सेब हैं।



**मेट्रो एंकर**

## 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

# प्रत्याशियों को हुआ चुनाव चिन्ह का आवंटन



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार 2 नवंबर 2023 को दोपहर 3ः00 बजे तक निर्वाचन फॉर्म वापसी की अंतिम तारीख थी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 मैं 15 प्रत्याशी चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं फार्म वापसी का समय हो जाने के पश्चात प्रमोद सिंह गुर्जर रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थी स्वयं एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए जिसमें( 1 ) अजय पटेल- हाथ का पंजा ( 2 ) प्रेम शंकर बर्मा कमल( 3 ) सुनील गौर- झाड़ू( 4 ) उमेद सिंह जाट- आरी( 5 ) देवराज करोजे- कंप्यूटर( 6 ) फागराम चारपाई( 7 ) धीरज चौहान- गुब्बारा( 8 ) नरेंद्र रघुवंशी फुटबॉल( 9 ) मांगीलाल- मानिक गन्ना किसान( 10 ) राम मोहन गौर-बल्ला( 11 ) सुरेश उईके- कांच का गिलास( 12 ) अजय लौवशी- एयर कंडीशनर( 13 ) ओमप्रकाश रघुवंशी- हीरा( 14 ) कैलाश सिह- ब्लैक बोर्ड( 15 )योगेश साहू अलमारी चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।

## अनाधिकृत रूप से अवकाश में रहने पर प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**नर्मदापुरम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एसएस रावत द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कांगती रंगपुर शंकुल केन्द्र शासकीय कन्या उ.मा.वि. सेमरीहरचंद विकासखंड सोहागपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, शाला में श्रीमती शांति ठाकुर प्राथ.शिक्षक संस्था से बिना कोई अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित पायी गयी। वर्तमान में विधान सभा निर्वाचन 2022 की आचार संहिता लागू है। निर्वाचन के कारण अवकाश स्वीकृति पर रोक है। जिस पर सिविल सेवा ( आचरण नियम) नियम 1965 के नियम 1.2.3 के विपरीत होने के कारण कदाचरण की श्रेणी में आने के फलस्वरूप श्रीमती शांति ठाकुर प्राथ.शिक्षक शासकीय प्रा.शा. कांगती रंगपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्राथ.शिक्षक शासकीय प्रा.शा. कांतीरंगपुर श्रीमती शांति ठाकुर का निलंबन पश्चात गुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता की पात्रता होगी।

**सीहोर में लागू हुई 144 :** सीहोर - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन, 2023 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता के अनुसार सभी दलो एवं अभ्यर्थियों को ऐसे कार्यों से ईमानदारी से बचना चाहिए, जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध है, एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ऐसा कोई कृत्य न तो स्वयं और न ही अपने प्रतिनिधियों के व्दारा करना चाहिए जिससे शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव में व्यवधान उत्पन्न हो ।आदर्श आचरण संहिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशें का पालन करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करते हुऐ स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए आयोग द्वारा दिशा निर्देशानुसार प्रतिबंधात्मक निर्देशा जारी किये गये है।




### आचार संहिता के नियमों से भी कराया अवगत, 8 का है क्रिमिनल रिकॉर्ड

# 1 प्रत्याशी ने ही लिया नाम वापस, 14 प्रत्याशी मैदान में

सिरोंज, दोपहर मेट्रो


सभी को रिटर्निंग ऑफिसर ने आवंटित किए चुनाव चिन्ह

विधानसभा 147 के लिए 15 दावेदारों के नाम निर्देश पत्र बैध पाए गए थे। जिनमें से अंतिम दिन केवल एक अभ्यर्थी मनीष गुप्ता ने अपना नामांकन फॉर्म वापस लिया है । इस तरह से चुनावी समर में 14 दावेदार ही मैदान में बचे हुए हैं। जिनके बीच मुकाबला होगा नाम वापसी का समय दोपहर 3 बजे तक था इसके बाद बचे हुए प्रत्याशियों को निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी ने चुनाव चिन्ह आवंटित करते हुए निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के संबंध में सभी अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों को बताते हुए कहा कि आचार संहिता का कड़ाई से पालन होगा इसीलिए नियम के विरुद्ध कोई भी काम ना करें बगैर अनुमति के प्रचार प्रसार सभा आदि ना करवाया आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई भी होगी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। सुबह से ही निर्वाचन अधिकारी अपने कक्ष में नाम वापसी का समय 3:00 बजे तक निर्धारित 10:00 बजे से पूरे समय बैठे रहे उनके पास केवल एक अभ्यर्थी नहीं अपना नाम निर्देश पत्र वापस करने के लिए आवेदन किया इसके बाद उनके आवेदन को स्वीकार करते हुए इनका नाम वापस किया गया बाकी किसी भी अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लेने के लिए आवेदन नहीं किया ।

यह जाएंगे जनता के बीच - नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की तस्वीर भी साफहो गई है । 14 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में बच्चे हैं जिनमें कांग्रेस पार्टी से गगनेंद्र रघुवंशी, भारतीय जनता पार्टी से उमाकांत शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से तोषमणि पंथी कन्ना, समाजवादी पार्टी से असलम गौरी, आजाद समाज पार्टी से गब्बर सिंह, आम आदमी पार्टी से इसम सिंह मौर्य, सपाक्स पार्टी से अखिलेश कुमार जैन, कप्तान सिंह नेशनल वर्ल्ड लीडर, वहीं लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, हेमंत कुशवाह, मनोज कुशवाहा, फूल सिंह, पूरन सिंह, संदीप अहिरवार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर में मतदाताओं के बीच पहुंचकर वोट मांगेंगे। वही निर्दलीय प्रत्याशियों को प्रतीक आवंटन की कार्यवाही की गई है जिनमे निर्दलीय प्रत्याशी पूरन सिंह को फुटबॉल चिन्ह आवंटित किया है, फूल सिंह को ऑटो रिक्शा, मनोज कुशवाहा को कांच का गिलास, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा को हांकी ओर बाल, संदीप अहिरवार को सेब, हिम्मत सिंह कुशवाहा को अलमारी का चिन्ह आवंटित किया है।

14 में से 8 का है आपराधिक रिकॉर्ड - विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए दावेदारों को अपना अधिक रिकार्ड का शपथ पत्र भी देना पड़ता है । चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार 14 दावेदारों में से आठ दावेदारों पर क्रिमिनल रिकॉर्ड भी है जिनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस के गगनेंद्र रघुवंशी, भारतीय जनता पार्टी के उमाकांत शर्मा, समाजवादी पार्टी के असलम गौरी ,बहुजन समाज पार्टी के तोषमणी पंथी आजाद समाजवादी पार्टी के गब्बर सिंह एवं निर्दलीय उम्मीदवार हेमंत सिंह कुशवाह के मामले न्यायालय मैं विचारधीन ।

वहीं नाम वापसी के आखिरी दिन कई और उम्मीदवारों के नाम वापस करवाने का प्रयास दोनों मुख्य दलों के द्वारा अपने-अपने स्तर से किए गए पर ज्यादा सफलता किसी को नहीं मिली इसके चलते 14 दावेदार मैदान में बचे हुए हैं जो मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में वोट मांगने की अपील कर रहे हैं। वैसे यहां पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच में ही होगा दूसरी ओर इस बार भाजपा से बागी होकर बहुजन से चुनाव लड़ रहे हैं तोष मंणी पंथी भी गणित बिगड़ने करते हुए दिखाई दे रहे हैं सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को इनके चुनाव लड़ने से होगा।

इसी तरह समाजवादी पार्टी से असलम गौरी भी चुनावी समर में कूद चुके हैं यह कांग्रेस के वोटो पर सेंध लगाने का काम करेंगे इसी तरह आजाद समाज पार्टी की उम्मीदवार गब्बर सिंह भी मैदान में उतरकर कांग्रेस के वोट काटने का काम करेंगे। दूसरी ओर सपाक्स पार्टी, आम आदमी पार्टी के साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में कूद चुके हैं जो ज्यादातर भाजपा के वोटो पर सेंध लगाने का काम कर सकते हैं। अब देखना है कि मतदाता किसको अपना मत देकर विधानसभा भेजेंगे जैसे-जैसे तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे प्रचार की गति भी तेज होती जा रही है।

## बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा



**सिरोंज ।** बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार तोषमणि पंथी ने क्षेत्र के अनेक ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया और पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। तोषमणि पंथी लगातार क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क कर रहे हैं और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। श्री पंथी भाजपा का दामन छोड़ बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं उन्होंने भाजपा में करीब 20 साल एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया था लेकिन पार्टी ने उनकी उपेक्षा की जिससे नाराज होकर पंथी ने भाजपा छोड़कर बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं।



### क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भाजपा प्रत्याशी हुए सक्रिय

# विकास के लिए भाजपा उम्मीदवार ने मांगा वोट

सिरोंज,दोपहर मेट्रो





भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को जमालपुर छापू सहित आधा दर्जन ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मध्यप्रदेश में पुनः गाँव,गरीब,किसान ओर आमजन की हितैषी भाजपा सरकार को बनाने के लिए ओर क्षेत्र में विकास कार्यो में निरंतरता बनाये रखने के लिए वोट मांगे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने कहा कि लक्ष्मीकांत जी और मैंने सदैव आप सबकी सेवा करने और सिरोंज लटेरी के समग्र विकास की चिंता की है। भाजपा संगठन ने मुझे एक बार फिर आपकी सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने इस क्षेत्र में गुंडागर्दी कर गरीबो को सताने वालों से लड़ाई लड़ी है में विधायक रहूँ या न रहूँ लेकिन गरीब और सीधे लोगो पर अत्याचार करने वालो का हम मिलकर मुकाबला करते रहेंगे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शर्मा का स्वागत कर एक सुर में भाजपा को विजय बनाने का संकल्प लिया।

नगर के वार्डो में चल रहा जनसंपर्क - इधर नगर में भाजपा के कार्यकर्ता लगातार घर घर जाकर जनसंपर्क कर रहे है। भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की यह टीम प्रतिदिन वार्डो में पहुँचकर विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को विजय बनाने की अपील कर रहे है। गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने वार्ड क्रमांक चार,पाँच ओर आठ के बोहरबाड़ी में मतदाताओं के घर घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने अपील की। इस दौरान रमेश यादव, हरिबाबू भार्गव, पदम् ताम्रकार, रिंकू यादव, रिंकू सुमन आदि के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सह पर्यवेक्षक नियुक्त हुई सुशीला वंशकार



सिरोंज । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ने सुशीला वंशकार विधानसभा क्षेत्र सिरोंज को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति डॉक्टर उदित राज राष्ट्रीय अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार तथा विदिशा जिला अध्यक्ष अमित आनंद सोनी की अनुशंसा पर की गई है। श्रीमती वंशकार ने बताया कि मैं अपनी विधानसभा क्षेत्र को मजबूत करूगी।

## छलनी में से चांद देखने के बाद ही पति के हाथ से पानी पीकर तोड़ा व्रत

**सिरोंज।** महिलाओं के द्वारा पतियों की लंबी आयु के लिए सबसे कठिन व्रत करवा चौथ का व्रत रखकर सोलह सिंगार करके चंद्रमा की विधि विधान से पूजा अर्चना की फिर छलनी में से चांद को देखा उसके उपरांत अपने पति के हाथ से पानी पिया उसके बाद ही निर्जला व्रत को तोड़ा इससे पहले करवा चौथ पर करवा माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की प्राचीन काल से मानता है कि अपनी पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना करने पर पति को जीवनदान करवा माता ने दिलवाया था तभी से महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा के लिए इस कठिन व्रत को करती आ रही है। रात्रि 9:30 बजे के बाद ही चांद के दर्शन हुए उसके बाद पूजा अर्चना की फिर व्रत को खोल। सबसे ज्यादा कठिनाई नव विवाहिता को हुई उनमें इस व्रत को लेकर उत्साह भी देखने को मिला।

**मेट्रो एंकर** चालानी कार्यवाही में 29 चालान बनाए

# 19 चालानो के निराकरण में शमन शुल्क 30 हजार वसूल किया

सिरोंज,दोपहर मेट्रो



**सिरोंज ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जारी आदर्श आचरण संहिता के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव के द्वारा दिए गए निर्देशों पर जिले की पांचो विधानसभाओं में जिला परिवहन विभाग के द्वारा वाहनों की सघन जांच पड़ताल कर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के द्वारा शमशाबाद एवं सिरोंज में वाहनों की जांच की कार्यवाही की गई। वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के तहत चालानी कार्रवाई की जाकर 29 चालान बनाए जाकर 19 चालानों के निराकरण में शमन शुल्क रुपए 30 हजार वसूल किया गया है। शेष 04 वाहन पुलिस थाना शमशाबाद एवं 06 वाहन पुलिस थाना सिरोंज में प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त किए गए हैं।

जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि जांच कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से वाहन में नियम विरुद्ध हूटर लगाने तथा नंबर प्लेट पर नियम विरुद्ध पदनाम अथवा संस्था का नाम आदि लिखा होने, बिना परमिट एवं ओवर लोड वाहन संचालन के अपराध में कार्यवाही की गई। कई वाहनों पर लगे प्रचार पोस्टरों को हटवाया गया एवं उनके विरुद्ध नियमानुसार चलानी कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त बासौदा विधानसभा निर्वाचन में मतदान दलों हेतु आवश्यक वाहनों के अधिग्रहण आदेश तामिली करने के अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए आवश्यक छोटे वाहनों हेतु 25 वाहनों को अधिग्रहण आदेश तामील कराये गए।

## लूट का प्रकरण हुआ दर्ज, पेट्रोल पंप से पैसे लेकर सिरोंज आने पर चार लोगों ने किया था प्रयास

सिरोंज। मुगलसराय थाना अंतर्गत ग्राम रतनवरी में संचालित हो रहे पेट्रोल पंप से शाहरुख हर दिन की तरह 8:30 बजे के करीब पंप से पैसे लेकर सिरोंज अपने घर आ रहे थे। तभी रास्ते में एक डेढ़ किलोमीटर चलने पर चार लोगों ने दो मोटरसाइकिलों से इनका पीछा करते हुए इनकी गाड़ी पर डंडा मार कर इनको गिरने का प्रयास किए पर शाहरुख ने समझदारी दिखाते हुए एकदम से अपनी मोटरसाइकिल को मोड़कर वापस पेट्रोल पंप पहुंच गए इस तरह से लूट की घटना तो घटित नहीं हो पाई पर प्रयास करने पर शाहरुख की रिपोर्ट पर मुगलसराय पुलिस ने प्रकरण दर्ज करके मामले को विवेचना में लिया है ।पहले भी लूट की वारदात पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के साथ इसी तरह रास्ते में हो चुकी है ।उसका खुलासा भी पुलिस आज तक नहीं कर पाई है। एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज करके लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास करने वाले आरोपियों की खोजबीन कराई जा रही है । पुलिस भी लगी हुई मुखबिर को भी इस काम में लगा दिया गया है।



## सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने वाले भारतीय

मोहम्मद शमी ने श्रीलंका के खिलाफ 18 रन देकर 5 विकेट लिए। इसी के साथ उनके नाम वनडे करियर में 4 बार पारी में 5-विकेट हो गए। वह सबसे ज्यादा बार पारी में 5 विकेट लेने वाले भारतीय बने, उन्होंने स्पिनर हरभजन सिंह और तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ का रिकॉर्ड तोड़ा। जिनके नाम 3-3 बार पारी में 5-विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। शमी इस वर्ल्ड कप के 14 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 2 बार 5 प्लस विकेट लिए और एक बार पारी में 4-विकेट लिए। श्रीलंका के खिलाफ 5 विकेट लेने के साथ वर्ल्ड कप में उनके नाम 3 बार पारी में 5-विकेट हो गए। उन्होंने इस रिकॉर्ड में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क की बराबरी की।

## विराट ने 8वीं बार 1000 से ज्यादा वनडे रन बनाए

विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ फिफ्टी लगाते ही साल 2023 में एक हजार वनडे रन पूरे कर लिए। उनके इस साल 23 मैचों में 1054 रन हो चुके हैं। उन्होंने 8वीं बार एक साल में एक हजार से ज्यादा वनडे रन बनाए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बैटर बने। उनसे पहले भारत के ही सचिन तेंदुलकर 7 बार एक साल में हजार से ज्यादा वनडे रन बना चुके हैं। विराट ने 13वीं बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया, इनमें 3 शतक शामिल हैं। वह सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले नॉनओपनर खिलाड़ी बने। नॉन-ओपनर यानी ओपनिंग नहीं करने वाले खिलाड़ी। कोहली ने श्रीलंका के कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने मिडिल ऑर्डर में बैटिंग कर हुए 12 बार 50 प्लस के स्कोर बनाए हैं।

## बगैर संचुरी के भारत का सबसे बड़ा स्कोर

मुंबई में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 8 विकेट पर 357 रन बनाए। टीम के लिए शुभमन गिल ने 92, विराट कोहली ने 88 और श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाए। ये बगैर इंडिविजुअल सेंचुरी के भारत का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले इसी साल भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बगैर सेंचुरी के 351 रन बनाए थे। भारत ने श्रीलंका को 302 रन के अंतर से हराया। ये वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत रही, इससे पहले टीम ने 2007 में बरमूडा को 257 रन के अंतर से हराया था।

# जहीर-श्रीनाथ को पीछे छोड़ टॉप इंडियन बॉलर बने शमी

भारत ने वनडे वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। टीम ने श्रीलंका को 302 रन से हराया। ये वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत रही। मोहम्मद शमी ने महज 18 रन देकर 5 विकेट लिए। वे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने। विराट कोहली ने एशिया में सबसे तेजी से 8000 वनडे रन भी पूरे कर लिए।



## टॉप-4 बैटर्स का सबसे कम स्कोर

श्रीलंका के 5 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सके, जिनमें से 3 तो पहली ही गेंद पर आउट हो गए। टॉप-4 बैटर्स तो मिलकर एक ही रन बना सके। जो एक वनडे पारी में टॉप-4 बैटर्स का सबसे कम कॉन्ट्रिब्यूशन है। टीम के टॉप-4 बैटर्स में एकमात्र रन कप्तान कुसल मेंडिस के बैट से आया, जबकि पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने और सदीरा समरविक्रमा तो खाता भी नहीं खोल सके। वनडे में ऐसा महज दूसरी बार हुआ है, श्रीलंका से पहले पाकिस्तान के टॉप-4 बैटर्स भी 2015 में एक ही रन बना सके थे। श्रीलंका की टीम 19.4 ओवर में महज 55 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

## दूसरी बार 300+रन से जीता

भारत ने श्रीलंका को 302 रन के अंतर से हराया। टीम ने इससे पहले जनवरी में भी श्रीलंका को ही 317 रन से हराया था, जो वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। वनडे में अब तक 3 ही टीमें 300 से ज्यादा रन के अंतर से मुकाबले जीत सकी है। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे ने ऐसा 1-1 बार किया है। भारत ऐसा 2 बार करने वाली पहली ही टीम बनी। विराट कोहली ने 2011 में वर्ल्ड कप डेब्यू किया था, वह अपना चौथा वर्ल्ड कप खेल रहे हैं और अब तक टीम के लिए 28 जीत में शामिल रह चुके हैं। इसी के साथ वह टीम की सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप जीत में शामिल होने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने यहां भी सचिन को पीछे छोड़ा, जो टीम इंडिया की 27 वर्ल्ड कप जीत में शामिल रहे हैं। एक खास बात ये भी कि विराट के टीम में रहते हुए भारत ने महज 4 वर्ल्ड कप मैच गंवाए, इनमें 2 सेमीफाइनल शामिल हैं।

ज्यादा मैच जीतने वाले भारतीय बने कोहली श्रीलंका के खिलाफ टीम की जीत में शामिल होने के साथ विराट कोहली ने रिकॉर्ड बनाया।



## भारत पहुंचा पॉइंट्स टेबल के टॉप पर

14 पॉइंट्स के साथ भारत एक बार फिर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। इंडिया ने 7 मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। भारत को अभी 2 मैच और खेलने हैं। साउथ अफ्रीका टेबल में नंबर 2 पर पहुंच गई है। उसने 7 मैच खेले हैं। 6 मुकाबले जीतकर उसके 12 पॉइंट्स हैं। उसे अभी 2 मुकाबले और खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया पॉइंट्स टेबल में तीसरी पोजिशन पर है। 6 में से 4 मैच जीतकर उसके 8 पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड नंबर 4 पर है। उसके भी 8 पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड ने 7 में से 4 मैच जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया के भी 8 पॉइंट्स हैं। लेकिन न्यूजीलैंड का नेट रन रेट उससे थोड़ा कमजोर है। अभी नंबर 3 पर ऑस्ट्रेलिया है। उसे इंग्लैंड, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से खेलना है। इन मुकाबलों के रिजल्ट से पोजिशन और समीकरण बदल सकते हैं।

### वर्ल्ड कप में पहली बार दोनों टीमें आमने-सामने

## अफगानिस्तान और नीदरलैंड में से कोई एक सेमीफाइनल पहुंचेगी

**लखनऊ, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 34वें मैच में आज यानी 3 नवंबर को अफगानिस्तान का सामना नीदरलैंड से होगा। मैच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। नीदरलैंड और अफगानिस्तान पहली बार वर्ल्ड कप में आमने-सामने होंगे।

अफगानिस्तान ने अब तक छह मैच खेले हैं जिसमें उसे तीन में जीत और तीन में हार मिली। टीम पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर है। अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस में शामिल है। ऐसे में उसके लिए नीदरलैंड्स के खिलाफ यह मुकाबला काफी अहम है। यहां पर अगर वह जीत हासिल करते हैं तो उनकी सेमीफाइनल की उम्मीदें पुख्ता हो जाएंगी। नीदरलैंड्स की टीम छह में से दो मैच में जीत और चार में हारकर पॉइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर है। नीदरलैंड सेमीफाइनल की दौड़ में है, हालांकि उनकी संभावना कम है, लेकिन उनके पास 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई करने का मौका है। अफगानिस्तान और नीदरलैंड के बीच आखिरी वनडे पिछले साल जनवरी में खेला था इसमें अफगानिस्तान 75 रन से जीता था। अगर अफगान टीम को आज जीत मिलती है, तो उसकी नीदरलैंड के खिलाफ लगातार 5वीं वनडे जीत होगी। नीदरलैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे में आखिरी बार जीत साल 2012 में मिली थी।

## वुशु में रोहित और कुश्ती शिवानी ने जीता स्वर्ण पदक



**पणजी, एजेंसी**

37वें राष्ट्रीय खेल गोवा अंतर्गत केम्पेल ओपन ग्राण्उड पणजी में वुषु, कुश्ती, एक्रेटिक और गटका खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मप्र के खिलाड़ी रोहित जाधव ने तायलू के इवेन्ट के दओशू में सराहनीय खेल प्रदर्षन कर स्वर्ण पदका आपने नाम किया। वहीं इसी प्रतियोगिता में मप्र की वुषु खिलाड़ी पूर्वी सोनी ने क्यांषू इवेन्ट में और सुभाष तोमर ने तायलू के दओषू इवेन्ट में 01-01 रजत और षुभम राज पटेल ने एक कांस्य पदक जीता।

**ताइक्वान्डो खेल में कांस्य पदक:** गोवा के पोण्डा मल्टीपरपस इन्डोर स्टेडियम में आयोजित ताइक्वान्डो में खिलाड़ी दीपेश पांडेय ने 74 किग्रा. भारवर्ग स्पर्धा में खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता।

### कुश्ती में शिवानी का उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन

कुश्ती प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले में म.प्र. की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवानी पवार ने उत्तरप्रदेष की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नीलम को 50 किग्रा. फ्री स्टाइल इवेन्ट में 5-1 की करारी शिकस्त दी। गटका टीम के खिलाड़ी मनजोत सिंह एकत सोट्टी व्यक्तिगत स्पर्धा के फायनल में एक रजत पदक और हरजिंदर सिंह, जसप्रीत सिंह, विजेन्द्र सिंह और हरदीप सिंह ने फरी सोट्टी टीम स्पर्धा में एक कांस्य पदक अर्जित किया।

**एक्रेटिक खेल में अद्वैत पागे ने दिलाया कांस्य पदक:** कम्पेल स्वीमिंग पणजी में एक्रेटिक प्रतियोगिता में खिलाड़ी अद्वैत पागे ने 800 मी. फ्री-स्टाइल में खेल तकनीक का बेहतर प्रयोग कर 1 कांस्य पदक अपने नाम किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## एक्शन हीरो ऑफ द ईयर बने शाहरुख

किंग खान शाहरुख 58 साल के हो गए हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी एसआरके ने वो रिकॉर्ड ब्रेकिंग कमबैक किया, जिसे हिंदी सिनेमा के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। जवान और पठान ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 2196 करोड़ का कलेक्शन किया। दोनों ही फिल्में भारत की टॉप-3 हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्मों में दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। पहले पर आमिर की दंगल है। इस कमबैक से शाहरुख की नेटवर्थ में 1300 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है, अब वो 6411 करोड़ के मालिक हैं। दुनिया के अमीर एक्टर्स की लिस्ट में चौथे पायदान पर उनका नाम है। कमाई के मामले में उन्होंने टॉम क्रूज, जैकी चैन और आर्नोल्ड श्वाजनेगर को भी पीछे छोड़ दिया है। एक समय ऐसा था जब शाहरुख खान ने गरीबी में गैरकानूनी तरीके से केरोसीन भी बेचा है। उनका इस मुकाम तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। कभी मां की मौत से टूटे, तो कभी एक कंधे पर लगी चोट से स्पोर्ट्समैन बनने का सपना टूट गया।



शाहरुख खान को रोमांस का किंग कहा जाता है। हालांकि 58 साल की उम्र में उन्होंने एक्शन से कमबैक करने का रास्ता चुना। इस साल रिलीज हुई उनकी दोनों ही फिल्में एक्शन जॉनर की थीं। जॉनर बदलकर रिकॉर्ड ब्रेकिंग कमबैक करने वाले शाहरुख पहले बॉलीवुड एक्टर हैं। हालांकि उनकी अगली फिल्म डंकी सोशल कॉमेडी ड्रामा है। एक साल में नेटवर्थ में हुआ 1300 करोड़ का इजाफा, दुनिया के चौथे सबसे अमीर एक्टर 1300 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। बीते साल 2022 में शाहरुख की नेटवर्थ 5116 करोड़ रुपए थी, जिसमें जवान और पठान की कामयाबी के बाद 8 पर्सेंट की बढ़ोतरी हुई है।

## पहली बार मीडिया से बात की आराध्या ने

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी बेटी आराध्या बच्चन और मां वृंदा राय के साथ एक खास कार्यक्रम में पहुंचीं, जो कैंसर रोगियों के वेलफेयर के लिए आयोजित किया गया था। आराध्या ने सबके सामने माइक में बोलते हुए सबको चौंका दिया। उन्होंने अपनी मां की जमकर तारीफ की। बता दें आराध्या पहली बार मीडिया के सामने बात करते नजर आई हैं। दरअसल, एक्ट्रेस अपनी मां और बेटी आराध्या बच्चन के साथ खास मकसद से आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।



सफेद चिकनकारी सलवार सूट पहने ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हमेशा मीडिया से दूरी बनाए रखने वालीं आराध्या ने पहली बार सबके सामने बात की। आराध्या ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी प्यारी मां, जो कर रही हैं वो सच में बहुत जरूरी और अद्भुत है।

## सलमान के साथ समय बिताने में झिझकते थे अमित



एक्टर अमित साध ने सलमान खान से जुड़ा दिलचस्प वाकया शेयर किया है। ईद के मौके पर अमित, सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचे थे। आधी रात हो गई फिर भी सलमान, अमित को निकलने नहीं दे रहे थे। अमित को देर रात तक जागने की आदत नहीं थी। हालांकि वो सलमान से यह बात कहने में झिझक रहे थे। कुछ देर बाद वो सलमान के पास पहुंचे और पार्टी से जाने की इजाजत मांगी। सलमान ने उनसे कहा कि थोड़ी देर रुकिए, मैं आपको एक गिफ्ट देना चाहता हूं। अमित को इसके बाद भी काफी वक्त तक इंतजार करना पड़ा। कुछ देर बाद सलमान अपनी साइकिल लेकर आए। उन्होंने अमित को साइकिल देते हुए कहा कि यही आपका गिफ्ट है। अमित सलमान के इस जेस्चर से काफी इमोशनल हो गए। ये वाकया 2016 में रिलीज फिल्म सुल्तान के बाद का है। सलमान की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में अमित साध की भी अहम भूमिका थी। पॉप टॉक्स पोडकास्ट में बात करते हुए अमित साध ने कहा- सुल्तान की शूटिंग के वक्त मैं सलमान भाई के साथ समय बिताने में झिझकता था। जाहिर है कि वो बहुत बड़े स्टार हैं। हालांकि मैंने वादा किया था कि एक बार फिल्म हिट हो जाए फिर सलमान भाई के साथ दिल खोलकर पार्टी करूंगा।

### रात में 12 बजे सलमान के घर पहुंचे अमित...

अमित ने आगे कहा- तकरीबन 12 बजे रात को मैं भाई के घर पहुंचा। वहां सभी लोग काफी खुश नजर आ रहे थे। जाहिर है कि हमारी फिल्म सुल्तान काफी बड़ी हिट हो गई थी। सलमान भाई ने मुझे सबसे मिलाया। उन्होंने सबसे कहा- अमित से मिलिए, ये हमारी फिल्म के हीरो हैं। फिर उन्होंने कहा कि मैं आपको एक गिफ्ट देना चाहता हूं, लेकिन इसके लिए आपको एक घंटे इंतजार करना पड़ेगा। अमित ने आगे कहा- तीन घंटे हो गए लेकिन अभी तक मैं वही था। मैं बस मेहमानों से मिलता जा रहा था। मुझे जल्दी बिस्तर पर जाना पसंद था, और अभी भी है। मैं थोड़ा झिझकते हुए सलमान भाई के पास पहुंचा। मैंने उनसे कहा कि मेरा कल शूट है, मुझे अभी निकलना पड़ेगा। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने मुझे 4.30 बजे सुबह तक जाने नहीं दिया।



**मेट्रो बाजार**

## 56 हजार तक आ सकता है सोना, चांदी के भी गिरेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ज्यूरिख इंश्योरेंस 4,051 करोड़ में कोटक जनरल इंश्योरेंस में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगा। प्रारंभिक अधिग्रहण से तीन साल की अवधि के भीतर, ज्यूरिख इंश्योरेंस कोटक जनरल इंश्योरेंस में अतिरिक्त 19 फीसदी हिस्सेदारी भी लेगा। कोटक महिंद्रा बैंक ने गुरुवार, 2 नवंबर को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कोटक जनरल इंश्योरेंस में कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की 100 फीसदी हिस्सेदारी है। ये कोटक बैंक की सब्सिडियरी कंपनी है। कोटक जनरल इंश्योरेंस को नवंबर 2015 में, इंश्योरेंस कारोबार शुरू करने का लाइसेंस मिला था। कंपनी मोटर, स्वास्थ्य, घर और कॉमर्शियल जैसे गैर-जीवन बीमा प्रोडक्ट बेचती है। इस घोषणा के बाद, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 2 फीसदी बढ़कर 1,758 रुपए पर पहुंच गए। एक दिन पहले ये 1724 रुपए पर बंद हुए थे। इस साल कंपनी ने 4 फीसदीका निगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं एक में शेयर करीब 9 फीसदी गिरा है। ज्यूरिख इंश्योरेंस ग्रुप लिमिटेड एक स्विस बीमा कंपनी है, जिसका मुख्यालय ज्यूरिख में है। इसका स्थापना करीब 150 साल पहले 1872 में हुई थी। कंपनी 200 से अधिक देशों में काम करती है और जीवन बीमा के साथ-साथ स्वास्थ्य और कारों के लिए भी बीमा प्रदान करती है। 2017 में ज्यूरिख ने कहा था कि वह चीन और भारत जैसे बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहता है। ज्यूरिख इंश्योरेंस ग्रुप लिमिटेड 200 से अधिक देशों में काम करती है।




ज्यूरिख इंश्योरेंस ग्रुप लिमिटेड 200 से अधिक देशों में काम करती है। जर्मनी की एलियांज और दक्षिण अफ्रीका की लोम्बार्ड जैसी विदेशी कंपनियां पहले से ही भारत में बैंकिंग और फाइनेंशियल ग्रुप के साथ पार्टनरशिप में काम कर रही है।

## महंगे हुए हीरो मोटोकॉर्प के टू-व्हीलर

**मुंबई,एजेंसी।** हीरो मोटोकॉर्प के टू-व्हीलर खरीदने के लिए आज यानी 3 अक्टूबर 2023 से आपको ज्यादा कीमत चुकानी होगी। कंपनी ने कुछ मॉडल्स की कीमत में 1 फीसदी की बढ़ोतरी की है। लगातार बढ़ती इनपुट कॉस्ट को इस बढ़ोतरी की प्रमुख वजह बताया गया है। हीरो ने साल में तीसरी बार अपनी गाड़ियों की कीमत में बढ़ोतरी की है। इससे पहले मार्च में नए एमिशन नॉर्म्स के कारण मोटरसाइकिल और स्कूटर के अपने चुनिंदा मॉडलों की कीमतों में 2 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद जुलाई में गाड़ियों के दाम 1.5त्न बढ़ाए गए थे। हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले महीने कहा था कि कीमतें अलग-अलग मॉडल और मार्केट के आधार पर तय की जाएंगी। मोटरसाइकिल और स्कूटरों की कीमत में बढ़ोत्तरी कंपनी की ओर से समय-समय की जा रही मूल्य समीक्षा का हिस्सा है। कंपनी ने कहा कि वह ग्राहकों पर इसका असर कम करने के लिए फाइनेंस के नए ऑफर जारी करेगी। हीरो मोटोकॉर्प ने करिज्मा की कीमत बढ़ाई-एक अक्टूबर से 7000 मंहगी मिलेगी बाइक, 32.8 के माइलेज का दावा किया है।



हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी प्रीमियम स्पोर्ट्स बाइक करिज्मा एम्सएमआर की कीमत बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि हीरो करिज्मा की कीमतों में 7 हजार रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

# ऑटो चालक ने दो बच्चों की मां से किया झाड़ियों में दुष्कर्म


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित वेटनरी अस्पताल के पास झाड़ियों में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी आटो चालक ने उसे घर छोड़ने के बहाने आटो में बिठाया था और वेटनरी अस्पताल के पास झाड़ियों में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। दो बार उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने उससे दूरियां बड़ा ली और अब शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस ने आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अजय तिवारी ने बताया कि 27 साल की महिला इलाके में रहती हैं और हाउस कीपिंग का काम करती हैं। उसकी दो बच्चियां हैं और पति का इंतकाल हो चुका है। पीड़िता का कहना है कि गत दिनों वह काम कर घर लौट रही थी, तभी परिचित जिशान उसे मिल गया और कहने लगा कि चलों में तुम्हें घर छोड़ देता हूं। आटो में बैठने के बाद जिशान उसे सहानुभूति बताने लगा और शादी की बात करने लगा। इसी बीच आरोपी उसे वेटनरी अस्पताल के पास झाड़ियों में ले गया और शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। घटना 17 अक्टूबर की है। आरोपी ने दूसरी बार फिर इसी जगह ले जाकर महिला से शारीरिक संबंध बनाए थे। अब आरोपी ने महिला से दूरी बना ली। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की उम्र बीस वर्ष बताई जा रही है। वह कहने लगा कि महिला उससे सात साल बड़ी है और वह शादी नहीं कर सकता।

# बिल्डिंग पर लाइटिंग लगा रहे युवक को करंट लगा, तीसरी मंजिल से गिरकर मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी में तीन मंजिला बिल्डिंग पर लाइटिंग कर रहे युवक को सामने से गुजर रही सर्विस लाइन से करंट लग गया। करंट लगने से वह तीसरी मंजिल से नीचे गिरा था। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई और साथी समेत वहां मौजूद लोग उसे हमीदिया लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। आज शुक्रवार को पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।
एएसआई शोभाराम ने बताया कि जीतू उर्फ जितेश पिता स्वर्गीय मंगल सल्लम (22) कैंप नंबर-12, बैरागढ़ में रहता था। वह मनीष उर्फ विक्की के पास लाइटिंग और डेकोरेशन का काम करता था। पंचवटी में तीन मंजिल बिल्डिंग में लाइटिंग होनी थी। दो दिन पूर्व जीतू साइट की विजिट कर चला गया था। गुरुवार दोपहर वह अपने एक साथी के साथ लाइटिंग करने पहुंचा था। दोपहर करीब डेड़ बजे के आसपास दोनों लाइटिंग कर रहे थे। बाहर बाउंड्री पर लाइटिंग करने के लिए झुका था, तभी सामने से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह नीचे गिरा था। करीब 35 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। साथी और वहां मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## मानव तस्करी मामला: गर्भपात कराने और भ्रूण का लिंग परीक्षण करने लेती थी मोटी रकम

# फर्जी डॉक्टर के खाते से 30 लाख का ट्रांजेक्शन, आरोपियों को दिल्ली लेकर जाएगी पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बहुचर्चित अपहरण और मानव तस्करी कांड में गिरफ्तार आरोपियों में फर्जी डॉक्टर सीमादेवी की अकाउंट का लेखा जोखा पुलिस को मिल गया है। सीमा के खाते से एक साल के भीतर तीस लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। ट्रांजेक्शन देखकर पुलिस को अनुमान है कि करीब सवा सौ से अधिक डिलेवरी यहां कराई जा चुकी है। इसके अलवा यह भी पता चला कि भ्रूण के लिंग की जांच कराना गैरकानूनी है बावजूद इसके यहां पर भ्ररूण की जांच कराई जाती थी। सीमादेवी के अस्पताल में बतौर डॉक्टर की भूमिका निभाने वाले डॉक्टर को पूछताछ के लिए पुलिस दिल्ली से भोपाल लाई थी। उसे कोर्ट में पेश कर दिया गया है। कोर्ट से पांच नवंबर तक की रिमांड मिली है।**

## अर्चना, सीमा के बाद डॉ. अशोक 5 नवंबर तक रिमांड पर



उल्लेखनीय है कि सीमा समेत चार चार आरोपी पहले से ही जेल में है। पुलिस के अनुसार अपहरण कांड से जुड़ी दिल्ली बदरपुर निवासी सीमा उर्फ शक्ति देवी और गुडगांव, हरियाणा निवासी अर्चना सैनी (38), मूलतः केरल निवासी उसके पति निशांत (32), बेटे सूरज (18), सूरज की गर्लफ्रेंड मुश्कान, अर्चना की नाबालिग बेटी को मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीमा की पूछताछ के बाद अलीगढ़ निवासी डॉक्टर अशोक कुमार को पुलिस हिरासत में लेकर आई थी।

### एंजिल के माता पिता तक पहुंचेगी पुलिस

आरोपी सीमा देवी के तीन महीने की एंजिल मिली थी। मासूम एंजिल भी अनचाहे गर्भ से पैदी हुई थी और उसे माता पिता ने सीमादेवी को सौंप दिया था। अब पुलिस आरोपियों को दिल्ली लेकर जाएगी और बच्ची ऐंजल के मां-पिता की पहचान की जाएगी। पुलिस का मानना है कि एंजिल को बेचा गया है और इस तरह से माता पिता मानव तस्करी से जुड़ें है। अब उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा।

### इतनी डिलेवरी करा दी कि अशोक को याद नहीं

पुलिस ने सीमादेवी के अस्पताल में आने वाले डॉक्टर अशोक से भी पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि उसे याद ही नहीं कि उसने अब तक कितनी डिलेवरी करा दी है। पुलिस ने अशोक के अस्पताल से दस्तावेज, रजिस्टर जब्त किए हैं। अब पुलिस सीमादेवी और डॉक्टर अशोक के अस्पताल की सभी मशीनों की जांच की जाएगी। हालांकि जांच का एरिया दूसरे राज्य में होने की वजह से पुलिस आगे की जांच संबंधित क्षेत्र के पुलिस को सौंपेगी।

## सेज यूनिवर्सिटी के पास साक्षी इंटरप्राइजेस के सामने हादसा

# दर्दनाक हादसा: डंपर में घुसी बाइक, नाबालिग की मौत, दो गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी साक्षी इंटरप्राइजेस के सामने कल दोपहर गलत दिशा से आ रहे डंपर से बाइक सवार नाबालिग और उसके दो साथी टकरा गए। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। तीनों को एंबुलेंस नर्मदा ट्रामा लेकर पहुंची थी, वहां एक नाबालिग को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दो साथियों को इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है।

एएसआई चेतन गुप्ता ने बताया कि संजू नाथ पिता प्रभु नाथ (17) राम नगर कॉलोनी, श्यामपुर दौराहा में रहता था। वह परिवार के साथ कुर्सी और प्लाष्टिक के टब समेत सामान बेचता था। संजू का परिवार सोहागपुर पिपरिया में है। वहां परिवार और रिश्तेदार सामान बेचने के लिए गए हुए हैं। संजू भी अपने गांव से सोहागपुर पिपरिया जाने के लिए गुरुवार को बाइक से निकला था। उसके साथ बाइक पर विजय नाथ और सतीश नाथ था। तीनों बाइक से सेज यूनिवर्सिटी से कुछ दूरी पर साक्षी इंटरप्राइजेस के सामने पहुंचे ही थे कि गलत दिशा से आ रहे डंपर से उनकी बाइक टकरा गई। बाइक टकराने के बाद तीनों सड़क पर गिरे थे और उन्हें गंभीर चोट आईड़थी। एंबुलेंस तीनों को लेकर नर्मदा ट्रामा पहुंची, वहां डॉक्टर ने संजू को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल विजय और सतीश को इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है।


फाइल फोटो

### एक दिन पहले ही खरीदी थी बाइक

संजू नाथ के परिजन ने बताया कि एक दिन पहले ही उन्होंने नई बाइक खरीदी थी। घायल विजय नाथ ने पुलिस को बताया कि बाइक रफ्तार में थी, तभी सामने से गलत दिशा से आ रहे डंपर से बाइक का हैंडिल टकराया था। हैंडिल टकराने के बाद तीनों सड़क पर गिर गएड़थे। बाइक रफ्तार में होने के कारण काफी दूर तक बाइक घिसटीड़थी। इस हादसे में संजू को सिर में और लगे के पास गंभीर चोट थी।

# खेत में घास काट रही महिला कुएं में गिरी, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव भीलखो में गुरुवार दोपहर खेत में घांस काट रही महिला कुएं में जा गिरी। उसकी चीख सुनकर 100 मीटर की दूरी पर स्थित घर से बहु दौड़कर आई थी, लेकिन वह कुछ न कर सकी। जब तक गांव के लोगों को बुलाया जाता काफी देर हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।
थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि हल्की बाई पति आशाराम मोगिया (55) गांव बीलखो, कस्बा नजीराबाद में रहती थी। उनके परिवार में बेटा बहू और पति है। गुरुवार दोपहर सभी अपने अपने काम पर गए थे। घर में हल्की बाई और उनकी बहू थी। हल्की बाई के नाम पर ही खेत हैं और खेत में कुआं बना हुआ है। बहू ने बताया कि गुरुवार दोपहर हल्की बाई खेत में बैठकर घांस काट रही थी। घांस काटते समय वह खिसक खिसकर कुएं तक पहुंच गई। घांस काटते समय उन्हें होश ही नहीं रहा और कुएं में जा गिरी। हल्की बाइक की चीख और कुएं के पानी में गिरने की आवाज सुनकर हल्की बाई की बहू कुएं पर पहुंची थी, लेकिन वह कुछ नहीं कर सकी।

# एम्स इलाज कराने आए युवक से ई-रिक्शा चालक और उसके साथियों ने मोबाइल लूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर छोला में ई रिक्शा चालक और उसके दो साथियों ने मिलकर एक युवक से मोबाइल लूट लिया। आरोपियों ने युवक से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से भी हमला किया है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इलाके में पूछताछ करने और सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों से मोबाइल बरामद कर लिया गया है। आज पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस के अनुसार विशाल नायक पिता रामेश्वर नायक (24) ललितपुर का रहने वाला हैं। बुधवार सुबह वह अपना इलाज कराने के लिए भोपाल आया था। उसे एम्स में इलाज कराना था। मिश्रा ट्रैवल्स की बस से नादरा बस स्टैंड पर उतरने के बादउ उसने एक ई रिक्शा चालक से बातचीत की। ई रिक्शा चालक से विशाल ने कहा कि उसे एम्स जाना है। ई रिक्शा चालक ने उससे पूछा कि कहां से आए हो। विशाल ने बताया कि वह ललितपुर से आया है और उसे इलाज कराने के लिए एम्स जाना है। यह पता चलते ही कि विशाल बाहर का रहने वाला है। ई रिक्शा चालक उसे शिव नगर लेकर पहुंचा। ई रिक्शा में चालक के साथ दो अन्य युवक थे। विशाल ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे के आसपास की बात है। ई रिक्शा चालक उसे एम्स छोड़ने का कहकर ले गया था। इसके बाद शिव नगर स्थित गलियों में ले जाकर ई रिक्शा चालक और उसके साथियों ने उससे मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके हाथ से मोबाइल भी छीन लिया था। छीने गए मोबाइल की कीमत साढ़े 12 हजार रुपए है। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि लूट करने वाले आरोपी के भाई का आटो है और उसने दो महीने पहले ही खरीदा था।

### पीठ पर चाकू से हमला, हाथ में लगा चाकू, शिव नगर की गलियों में लेकर पहुंचे थे बदमाश



**मेट्रो एंकर**

## पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

# टिफिन सेंटर चलाने वाली महिला ने लगाई फांसी, परिवार में विवाद के बाद उठाया कदम


**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर इलाके में टिफिन सेंटर चलाने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत का कारण परिवार में विवाद बताया जा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बयान में विवाद की बात बताई है। परिजनों ने गुरुवार की सुबह शव को फंदे पर लटका देखा था। बॉडी को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों के डिटेल बयान दर्ज किए जा रहे हैं।



पुलिस की जानकारी के अनुसार बीडीए कॉलोनी गांधी नगर में अलका नामदेव पत्नी राकेश नामदेव पतंजली परिसर टिफिन सेंटर चलाती थी। टिफिन बांटने का काम पति करता था। राकेश ने पुलिस को बताया कि निजी कॉलेज के छात्रों को वह टिफिन देने का काम करते हैं। बुधवार की रात का खाना देने गए थे। इसी बीच कुछ टिफिन सही न पैक होने के कारण खुल गए थे। जिसके बाद मैने घर आकर पत्नी उसकी लापरवाही बताई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गई। इसके बाद मैं बाहर चला गया। लौटकर दूसरे कमरे में सो गया, गुस्से में पत्नी ने घर के कमरा नहीं खोला था। सभी को लगा उसका शांत होगा सुबह तक सब ठीक हो जाएगा। सुबह बेटी प्राथना ने मां गेट खोलने के लिए कहा। कई आवाजें दीं उसने गेट नहीं खोला। बेटी ने मुझे बताया, मैंने भी कई आवाजें दी, लेकिन दरवाजा नहीं खोला, फिर पड़ोसियों की मदद से दरवाजे को तोड़ दिया, अंदर देखा तो अलका आत्महत्या कर चुकी थी।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित पीरिया मोहल्ला में गुरुवार शाम एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।
पुलिस के अनुसार पार्वती बाई पति महेंद्र (37) पीरिया मोहल्ला में रहती थी। वह गृहणी ?थी। गुरुवार शाम पार्वती बाई ने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पुलिस पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज करेगी।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022